अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com

उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र

आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 14 अंक 293 लखनऊ, सोमवार, 12 मई 2025 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

### उप्र में 11 आईपीएस अधिकारियों का तबादला, जोगेंद्र कुमार बने प्रयागराज के पुलिस आयुक्त

लखनऊ। शासन ने रविवार को पुलिस विभाग में फ़ेरबदल करते हुए 11 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। इसमें प्रयागराज के पुलिस आयुक्त तरुण गाबा को लखनऊ परिक्षेत्र में पुलिस महानिरीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इनके अलावा लखनऊ पीएसी महानिरीक्षक आशुतोष कुमार को अपर पुलिस आयुक्त कानपुर,उपेंद्र कुमार अग्रवाल को पीएसी महानिरीक्षक के पद पर भेजा गया है। कानपुर में तैनात पुलिस महानिरीक्षक जोगेन्द्र कुमार को पुलिस आयुक्त प्रयागराज बनाया है। हरीश चंद्र, अपर पुलिस आयुक्त कानपुर कमिश्नरेट को पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर, संजीव त्यागी को अपर पुलिस आयुक्त आगरा (कमिश्नरेट) से पुलिस उपमहानिरीक्षक कारागार प्रशासन एवं सुधार की जिम्मेदारी देकर लखनऊ भेजा है। प्रदीप गुप्ता को पुलिस उपमहानिरीक्षक दूर संचार लखनऊ से कारागार प्रशासन एवं सुधार लखनऊ बनाया गया है। हेमंत कुटियाल को पुलिस उपमहानिरीक्षक एसएसएफ लखनऊ, राम बदन सिंह को पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर से हटाकर अपर पुलिस आयुक्त आगरा बनाया गया है। रमेश प्रसाद गुप्ता को पुलिस अधीक्षक लॉजिस्टिक्स लखनऊ से हटाकर सेना नायक 24वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद और अमित कुमार द्वितीय को सेना नायक 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ भेजा है।

**मुख्यमंत्री और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर ब्रह्मोस यूनिट का किया शुभारंभ**

# रावलपिंडी तक सुनाई दी है भारतीय सेना के शौर्य की धमक : राजनाथ

- कहा, ऑपरेशन सिंदूर भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छाशक्ति का प्रतीक
- कानपुर फिर बनेगा इंडस्ट्रियल हब, विकास की ऊंचाइयों तक ले जाएगा डिफेंस कॉरिडोर : रक्षामंत्री

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क






लखनऊ। भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारतीय सेना ने साहस, संयम और शौर्य का परिचय देते हुए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर करारा जवाब दिया है।

रक्षामंत्री ने कहा कि भारतीय सेना की कार्रवाई सीमा से सटे ठिकानों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसकी धमक पाकिस्तानी सेना के हेडक्वार्टर रावलपिंडी तक सुनाई दी। हमने दिखा दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत जब भी कोई कार्रवाई करेगा तो आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए सरहद पार की जमीन भी सुरक्षित नहीं रहेगी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एवं टेस्टिंग फैसिलिटी का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। नई दिल्ली से जुड़कर उन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर पर आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का भी जिक्र किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है। जिन भारत विरोधी और आतंकी संगठनों ने भारत माता के मस्तक पर हमला कर कई परिवारों के सिंदूर मिटाए थे, उन्हें भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से इंसाफ दिलाने का काम किया है। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ संकल्प शक्ति का प्रदर्शन उन्होंने स्पष्ट किया कि यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ संकल्प शक्ति का प्रदर्शन है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए इस ऑपरेशन को अंजाम दिया, जिसमें आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया गया। इसके विपरीत, पाकिस्तान ने भारत के नागरिक क्षेत्रों, मंदिरों, गुरुद्वारों और गिरजाघरों को निशाना बनाने का प्रयास किया। उन्होंने उरी, पुलवामा और हाल की पहलगाम की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयरस्ट्राइक और अब मल्टिपल स्ट्राइक के जरिए आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को स्पष्ट कर दिया है। नरेंद्र मोदी ने दिया स्पष्ट संदेश राजनाथ सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट संदेश दिया है कि यह नया भारत है, जो आतंकवाद के खिलाफ सरहद के इस पार और उस पार दोनों तरफ प्रभावी कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ इच्छा शक्ति, सैन्य इच्छा शक्ति और संकल्प शक्ति का भी प्रदर्शन है। मात्र 40 महीने में योगी ने पूरा कर दिखाया प्रोजेक्ट राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 11 मई के अवसर पर ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एवं टेस्टिंग फैसिलिटी के उद्घाटन को रक्षामंत्री ने ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह दिन 1998 में पोखरण में हुए परमाणु परीक्षण की याद दिलाता है, जब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भारत ने अपनी सामरिक ताकत का प्रदर्शन किया था। रक्षामंत्री ने बताया कि ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एवं टेस्टिंग फैसिलिटी परियोजना का शिलान्यास उन्होंने स्वयं किया था और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे मात्र 40 महीनों में पूरा कर दिखाया है। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मैंने अपने लखनऊ को लेकर सपना देखा था कि मेरा शहर भारत के डिफेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने में योगदान दे। वह सपना अब पूरा हो रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल को दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक मिसाइलों में से एक बताते हुए उन्होंने इसे न केवल एक हथियार, बल्कि भारत की सैन्य ताकत, प्रतिरोधक क्षमता और सीमा सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। कानपुर फिर बनेगा इंडस्ट्रियल हब, विकास की ऊंचाइयों तक ले जाएगा डिफेंस कॉरिडोर रक्षामंत्री ने उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर को भारत के रक्षा उत्पादन का केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यह कॉरिडोर लखनऊ, कानपुर, झांसी, चित्रकूट, आगरा और अलीगढ़ से होकर गुजरता है। उन्होंने कहा कि ये सभी नोड्स भविष्य में विकास के नए केंद्र बनकर उभरेंगे। उन्होंने कानपुर का उदाहरण देते हुए कहा कि यह क्षेत्र कभी 'मैनचेस्टर ऑफ द ईस्ट' के नाम से जाना जाता था, लेकिन आजादी के बाद यह पिछड़ गया। डिफेंस कॉरिडोर के माध्यम से कानपुर और अन्य नोड्स को फिर से विकास की ऊंचाइयों तक ले जाया जाएगा। यूपी डिफेंस कॉरीडोर के साथ एक बार फिर कानपुर विकास की उन ऊंचाइयों को छुएगा कि जो पूरी दुनिया के लिए अनुकरणीय होगा।

## आपरेशन सिंदूर के जरिये आतंकियों को उनकी ही भाषा में जवाब दिया गया: योगी



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर पाकिस्तान और उसके द्वारा संरक्षित आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया है। उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आतंकवादी कभी सीधे होने वाले नहीं, वो प्यार की भाषा मानने वाले नहीं। उसको उसी की भाषा में जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा। इस दिशा में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया को एक संदेश दे दिया है। अब समय आ गया है जब आतंकवाद को कुचलने के लिए हम सबको एक स्वर से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस अभियान से जुड़ना होगा। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी वर्चुअली उपस्थित रहे और उन्होंने व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक साथ बटन दबाकर ब्रह्मोस यूनिट का शुभारंभ किया। इस दौरान रक्षा उत्पादन से जुड़ी पुस्तक 'ब्रह्मांड'का भी विमोचन किया गया। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री को ब्रह्मोस मिसाइल का प्रतिरूप भी भेंट किया गया। ऑपरेशन सिंदूर में दिखा ब्रह्मोस का पराक्रम मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारत की तीनों रक्षा सेनाओं के बहादुर जवानों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का अभिनंदन करते हुए प्रदेशवासियों की ओर से बधाई दी। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल क्या है, इसके पराक्रम को आपने ऑपरेशन सिंदूर में देखा होगा और नहीं देखा तो कम से कम पाकिस्तान वालों से पूछ लेना चाहिए कि ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत क्या है। आतंकवाद के प्रति प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि कोई भी आतंकी घटना अब युद्ध जैसी होगी और याद रखना आतंकवाद को जब तक हम पूरी तरह कुचलेंगे नहीं तब तक समस्या का समाधान होगा भी नहीं।

# पाकिस्तान को भारत की सख्त चेतावनी संघर्ष विराम तोड़ा तो देंगे तगड़ा जवाब

**ऑपरेशन में 100 आतंकी ढेर हुए, एलओसी पर गोलाबारी में करीब 40 पाकिस्तानी सैनिक मार गिराए**

एजेंसी



- वायु सेना ने पाकिस्तान के 3 एयर डिफेंस सिस्टम बर्बाद किए और दो एयरबेस का रनवे तबाह किया
- भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना के 35 से 40 अफसरों-जवानों की मौत हुई

नई दिल्ली। संघर्ष विराम का फैसला पाकिस्तान की पहल पर लिया गया है लेकिन सशस्त्र बलों का ऑपरेशन 'सिंदूर' अभी जारी रहेगा। आगे की रणनीति तय करने के लिए 12 मई को 12:00 बजे दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच वार्ता होगी। संघर्ष विराम का उल्लंघन रोकने के लिए भारत ने आज सुबह डीजीएमओ को एक और हॉटलाइन संदेश भेजा है। यदि आज रात या बाद में इन्हें दोहराया जाता है, तो हम इनका कड़ाई से जवाब देंगे। सेना प्रमुख ने पाकिस्तान के किसी भी उल्लंघन के मामले में जवाबी कार्रवाई के लिए हमारे सेना कमांडर को पूर्ण अधिकार दिए हैं।

संघर्ष विराम का फैसला भले हो गया हो, लेकिन सशस्त्र बलों के 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सेनाओं को कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल हुई हैं। इस ऑपरेशन में 100 आतंकी ढेर किये गए हैं, जिनमें तीन बड़े आतंकी भी हैं। एलओसी पर गोलाबारी में करीब 40 पाकिस्तानी सैनिक मार गिराए। भारतीय वायु सेना ने हमले करके पाकिस्तान के कई एयरबेस और थल सेना प्रतिष्ठान तबाह किये। भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना के 35 से 40 अफसरों-जवानों की मौत हुई है। पाकिस्तान के हमले में भारतीय वायु सेना के किसी एयरबेस को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है, जबकि भारतीय वायु सेना के एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के सभी हमले नाकाम किए। वायु सेना ने पाकिस्तान के 3 एयर डिफेंस सिस्टम बर्बाद किए और दो एयरबेस का रनवे तबाह किया है। तीनों सेनाओं के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन (डीजीएमओ) ने रविवार को भारतीय सशस्त्र सेनाओं के 'ऑपरेशन सिंदूर' की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। सेना के डीजीएमओ राजीव घई ने बताया कि पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 निर्दोष लोगों की हत्या किये जाने के बाद आतंक के षड्यंत्रकारियों को दंडित करने और उनके आतंकी ढांचे को नष्ट करने के स्पष्ट सैन्य उद्देश्य के साथ ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा का उल्लंघन करके नागरिक आबादी वाले गांवों और गुरुद्वारों जैसे धार्मिक स्थलों पर गोलीबारी की, जिसमें हमारे नागरिक क्षेत्रों में कई लोगों की दुखद मृत्यु हुई। डीजीएमओ घई ने बताया कि ऑपरेशन 'सिंदूर' में सेना ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकियों और उनके ढांचे को नेस्तनाबूद करके पहलगाम आतंकी हमले का जवाब दिया है। भारतीय वायु सेना ने आतंकी शिविरों पर हमला करने में भूमिका निभाई और भारतीय नौसेना ने सटीक हथियारों के मामले में साधन उपलब्ध कराए। भारतीय वायु सेना ने चिन्हित किए गए सभी 9 आतंकी ठिकानों को सटीक निशाना साधकर उन्हें बर्बाद किया। इस ऑपरेशन में 100 आतंकी ढेर किये गए हैं, जिनमें यूसुफ़ अजहर, अब्दुल मलिक रऊफ और मुदासिर अहमद हैं, जो आईसी-814 के अपहरण और पुलवामा विस्फोट में शामिल थे। डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बताया कि 9-10 मई की रात को पाकिस्तान ने सीमाओं के पार हमारे हवाई क्षेत्र में ड्रोन और विमान उड़ाए और कई सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के बड़े पैमाने पर प्रयास किए, लेकिन भारतीय वायु सेना के एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के सभी हमले नाकाम किए। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने बताया है कि 7 से 10 मई के बीच नियंत्रण रेखा पर तोपखाने और छोटे हथियारों से गोलीबारी में लगभग 35 से 40 लोग मारे गए हैं। हमने भारतीय वायु सेना के साथ एक एकीकृत ग्रिड स्थापित करने के लिए वायु रक्षा और इलेक्ट्रॉनिक युद्धक परिसंपत्तियों की तैनाती जैसे कुछ उपाय भी किए। डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बताया कि हमने भूमि, समुद्र और वायु क्षेत्रों में अपने बलों की आवाजाही को शामिल करने के लिए तैनाती भी की। 9-10 मई की रात को ड्रोन और विमानों की घुसपैठ देखी गई और इस बार हवाई क्षेत्रों और कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण रसद प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने का प्रयास किया गया, लेकिन एकीकृत भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना की वायु रक्षा प्रणाली ने कुशलता से इसे विफल कर दिया। एयर मार्शल एके भारती ने बताया कि 8 और 9 की रात 22:30 बजे से ही हमारे शहरों पर ड्रोन, मानव रहित हवाई वाहनों का व्यापक हमला हुआ, जो श्रीनगर से शुरू होकर नलिया तक गया, लेकिन हम तैयार थे। हमारी हवाई रक्षा तैयारियों ने सुनिश्चित किया कि दुश्मन के किसी भी लक्ष्य को कोई नुकसान न पहुंचे। इसके जवाब में हमने एक बार फिर लाहौर और गुजरांवाला में सैन्य प्रतिष्ठानों, निगरानी रडार साइटों को निशाना बनाया।

**राहुल गांधी और खरगे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र**

# ऑपरेशन सिंदूर और सीजफायर पर विशेष संसद सत्र की मांग

एजेंसी



नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकवादी हमले, 'ऑपरेशन सिंदूर' और सीमा पार से गोलीबारी के मामले में ताजा घटनाक्रम पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। राहुल और खरगे ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में आतंकवाद के खिलाफ सामूहिक संकल्प प्रदर्शित करने के लिए संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाने की अपनी मांग दोहराई है। राहुल ने अपने पत्र में लिखा है, मैं विपक्ष के सर्वसम्मति से किए गए अनुरोध को दोहराता हूं कि संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाया जाए। लोगों और उनके प्रतिनिधियों के लिए पहलगाम आतंकवादी हमले, 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से दोनों देशों के संघर्ष-विराम के लिए तैयार होने की घोषणा पर चर्चा करना अहम है। यह आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प को प्रदर्शित करने का भी अवसर होगा। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि आप इस मांग पर गंभीरतापूर्वक और शीघ्रता से विचार करेंगे। खरगे ने अपने पत्र में उनके और राहुल गांधी की ओर से 28 अप्रैल को लिखे गए पत्रों का जिक्र किया, जिनमें प्रधानमंत्री से पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर संसद का विशेष सत्र बुलाने का अनुरोध किया गया था। कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा, ताजा घटनाक्रम के मद्देनजर लोकसभा में विपक्ष के नेता ने आपको फिर से पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र बुलाने के सभी विपक्षी दलों के सर्वसम्मति से किए गए अनुरोध से अवगत कराया है, ताकि पहलगाम हमले, 'ऑपरेशन सिंदूर' और संघर्ष-विराम की घोषणा पहले वाशिंगटन और बाद में भारत व पाकिस्तान की सरकारों द्वारा किए जाने के मुद्दे पर चर्चा की जा सके। खरगे ने कहा, राज्यसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर मैं इस अनुरोध के समर्थन में पत्र लिख रहा हूं। मुझे विश्वास है कि आप (हमारी मांग से) सहमत होंगे।

## पंजाब: मलेरकोटला से पकड़े गए दो पाकिस्तानी जासूस

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने राज्य के मलेरकोटला से दो पाकिस्तानी जासूसों को गिरफ्तार किया है। इन पर पाकिस्तानी उच्च आयोग के कार्यालय के एक अधिकारी को सेना से जुड़ी गोपनीय जानकारियां मुहैया करवाने का आरोप है। इसके बदले में उन्हें ऑनलाइन पेमेंट मिलती थी। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि एक सूचना के आधार पर मलेरकोटला से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जिसने पूछताछ में अपने दूसरे सहयोगी के बारे में बताया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करके उनके पास से दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। इनसे पूछताछ करके पता लगाया जा रहा है कि वह कब से गोपनीय जानकारियां लीक करने का काम कर रहे थे और वह अब तक किस तरह की जानकारियां पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारी को मुहैया करवा चुके हैं।

# पाकिस्तान के दोहरे रवैये का जवाब देगी भारतीय सेना : प्रहलाद जोशी

एजेंसी



हुबली। युद्ध विराम की घोषणा के बाद भी पाकिस्तान के हमले और उसके दोहरे रवैये पर केंद्रीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रहलाद जोशी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने जो दोहरा रवैया अपनाया, उसका भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। केंद्र सरकार ने सेना को पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई करने की खुली छूट दे दी है। भारतीय सेना पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर रही है। बड़ी संख्या में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया है। कर्नाटक के हुबली में रविवार को उन्होंने कहा, ''यह सर्वविदित है कि पाकिस्तान ने हमेशा दोहरा रुख और दोहरी नीति अपनाते हुए भारत के प्रति गलत कदम उठाया है। एक बार फिर से यह साबित हो गया है कि पाकिस्तान की सेना वहां निर्वाचित सरकार की बात नहीं सुनती। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारतीय सेना ने पहलगाम घटना के बाद पाकिस्तान में 9 से अधिक आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई में कई प्रमुख आतंकवादी मारे जा चुके हैं। यह पहली बार है कि देश में आतंकवाद के पूर्ण उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध केंद्र सरकार ने इतना कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने संघर्ष विराम से पहले ही आतंकवाद को युद्ध मानने का अभूतपूर्व निर्णय ले लिया है। पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के सैन्य अभियान महानिदेशक को फोन कर युद्धविराम का अनुरोध किया था। लेकिन अब उन्होंने इसका उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना उस पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रही है, जिसने हमेशा आतंकवादियों और आतंकवादी संगठनों को समर्थन दिया है। मंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश में आतंकवाद पर अंकुश लगा है। 1980 के बाद भारत में आतंकवादी गतिविधियां बड़े पैमाने पर हो रही थीं।

# जलशक्ति मंत्री ने निरीक्षण के दौरान रिटेनिंग वॉल को परखा, कैटल घाट का निर्माण कार्य देखा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रविवार को लखनऊ खंड-2 के अंतर्गत शारदा नहर की लखनऊ शाखा का स्थलीय निरीक्षण किया। वह नहर के किलोमीटर 166.660 स्थल पर पहुंचे, जहां नहर का संचालन सरोजनी नगर और मोहनलालगंज तहसीलों में तालाबों और पोखरों को भरने के लिए किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अपस्ट्रीम क्षेत्र किलोमीटर 164.240 पर चल रहे निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। यहां नहर के आंतरिक हिस्से में रिटेनिंग वॉल और कैटल घाट का निर्माण प्रगति पर है। जल शक्ति मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। तय समय-सीमा के भीतर काम पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों को सिंचाई और जल संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके।

## आनंदीबेन ने दी बुद्ध पूर्णिमा पर देश एवं प्रदेशवासियों को बधाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को रविवार को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

श्रीमती पटेल ने अपने संदेश में कामना की है कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में शांति, करुणा, सद्भावना और आत्मबोध का संचार करे तथा हम सब भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को आत्मसात कर एक समरस, जागरूक और नैतिक समाज के निर्माण में योगदान दें।

राज्यपाल ने कहा ह्न भगवान बुद्ध का जीवन सत्य, अहिंसा, त्याग और ज्ञान का प्रतीक है। उनका उपदेश सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। बुद्ध पूर्णिमा केवल बौद्ध धर्मावलंबियों का पर्व नहीं है, अपितु यह भारत की महान आध्यात्मिक विरासत और सार्वभौमिक मूल्यों का उत्सव है, जो सभी को आत्मचिंतन, संयम और संवेदना की प्रेरणा देता है।

# कपड़े उतारकर किन्नरों ने उत्पात मचाया हुक्का बार में विवाद, स्कूटी तोड़ी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के कैसरबाग इलाके में ओडियन सिनेमा के पास किन्नरों ने जमकर उत्पात मचाया। दो पक्षों में विवाद होने पर कपड़े उतारकर बीच सड़क पर बैठ गए। इस पूरे घटनाक्रम का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में किन्नरों का उत्पात साफ दिखाई दे रहा है। पुलिस का कहना है मामले में शिकायत नहीं मिली है। शनिवार देर रात करीब 2 बजे ओडियन सिनेमा के सामने किन्नरों का इलाके के युवक से विवाद हो गया। इसके बाद किन्नर गालियां बकने लगे। कुछ देर बाद उन्होंने सारे कपड़े उतारकर बीच सड़क हंगामा शुरू कर दिया। किसी लड़के का नाम लेकर गालियां दीं और सड़क पर खड़ी स्कूटी में तोड़फोड़ भी की। इसके बाद सारे कपड़े उतारकर करीब एक घंटे तक उत्पात मचाया। वहां से गुजरने वालों को काफी परेशानी हुई। जब डॉयल-112 को सूचना दी गई, तो पुलिस वहां पहुंची। पुलिस ने किन्नरों को समझाकर सड़क से हटाया। मामले में इंस्पेक्टर कैसरबाग का कहना है कि मामले में संज्ञान में आया है। दो पक्षों का विवाद है, लेकिन किसी ने तहरीर नहीं दी है। फिलहाल, वहां पर पड़ी स्कूटी को थाने लाया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इलाके के लोगों का कहना है कि ओडियन सिनेमा के सामने देर रात तक हुक्का पार्लर चलता है। जहां पर अराजक तत्वों की आवाजाही रहती है। इलाके के किन्नर भी वहीं पर आकर बैठते हैं।

## नवीनतम मत्स्य प्रजाति के कैप्टिव प्रोपेगेटेड बीजों की रैंचिंग

**लखनऊ।** आईसीएआर–एनबीएफजीआर ने वर्णित नई प्रजाति होराबैग्रस ऑब्स्कुरस के कैप्टिव प्रोपेगेटेड शिशुओं को केरल के चालाकुडी नदी में छोड़ा गया। यह प्रजाति में संरक्षण महत्व वाली तथा जलीय कृषि क्षमता से युक्त है। आईसीएआर–एनबीएफजीआर के वैज्ञानिकों ने इस प्रजाति के कैप्टिव प्रोपेगेशन तकनीक से विकसित 2000 उन्नत फिंगरलिंग्स को 10 मई को उनके प्राकृतिक आवास वेट्टिलापारा, चालाकुडी नदी, केरल में रिलीज किया। आईसीएआर–एनबीएफजीआर के निदेशक डॉ. काजल चक्रवर्ती ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और भविष्य की पीढ़ियों के लिए ऐसी प्रजातियों के संरक्षण हेतु उनके प्राकृतिक आवासों में रैंचिंग कार्यक्रम की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि आईसीएआर–सीएमएफआरआई के निदेशक डॉ. ग्रिंसन जॉर्ज ने मूल्यवान प्रजातियों के संरक्षण और इसके सतत उपयोग में ऐसे आयोजन पर जोर दिया।

# फुले फिल्म मुफ्त दिखाई गई दर्शकों से खचाखच भरा हॉल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। लखनऊ में आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव अनिकेत धानुक ने फुले मूवी दिखाई। नोवेल्टी सिनेमा हॉल में मुफ्त फिल्म दिखाकर लोगों को फिल्म के माध्यम से शिक्षा की जानकारी दी गई। फिल्म देखने के लिए बड़ी संख्या में पुरुष-महिलाएं और बच्चे पहुंचे। पूरा सिनेमा हॉल फिल्म देखने वालों से खचाखच भरा हुआ था। अनिकेत धानुक ने बताया कि फुले फिल्म के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा के लिए जागरूक किया गया। साथ ही इस फिल्म में सावित्रीबाई फुले और फातिमा शेख के संघर्ष को दिखाया गया कि दो महिलाओं ने मिलकर किस प्रकार से आजादी से पहले शिक्षा की क्रांति शुरू की। आज समाज में महिलाएं विकास की मुख्य धारा से जुड़ी हैं और शिक्षा अर्जित कर रही हैं। यह सब सावित्रीबाई फुले और फातिमा शेख के संघर्षों का परिणाम है। फिल्म के माध्यम से समाज में ऊंच-नीच की भावना को समाप्त करने का संदेश दिया गया है। अनिकेत धानुक ने कहा कि आज महिलाएं सेना से लेकर सरकारी कार्यालयों में हर जगह कार्य कर रही है। शिक्षा के प्रकाश से सबके जीवन का अंधकार मिट रहा है। शिक्षा का एक हथियार है जो हमें अन्याय और बुराई से लड़ना सिखाता है। अनिकेत ने कहा कि फिल्मों का हमारे समाज पर गहरा प्रभाव होता है। इसलिए समाज को जागरूक करने वाली फिल्मों का बनना बेहद आवश्यक है। देश के जो सच्चे नायक और समाज सुधारक हैं उनपर अधिक से अधिक फिल्में बननी चाहिए। ये फिल्में आम आदमी को जागरूक करती हैं। फिल्मों के माध्यम से युवा पीढ़ी को महानायकों के कार्यों की जानकारी मिलती। सावित्री बाई फूले , ज्योतिबा फूले और फातिमा शेख ने हमारे समाज को शिक्षित बनाने में जो भूमिका निभाई है उसे याद रखना आवश्यक है।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत,दीवार से गिरने से हुआ हादसा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के चिनहट इलाके में नाले के किनारे एक युवक शव मिला। जांच के दौरान पता चला युवक नशे का आदी था। दीवार कूदने के चक्कर में फिसलकर नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह सूचना मिली कि काशीराम कॉलोनी के बगल स्थित नाले के किनारे अचेत अवस्था में एक युवक पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। उसकी पहचान पुरानी काशीराम कॉलोनी चिनहट निवासी गौरव (35) पुत्र राम मनोहर के रूप में हुई। परिजनों को सूचना दे कर युवक को अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आसपास के लोगों ने बताया गौरव नशे का आदी था। नशे के कारण ही वहां पर आया था। उसके बाएं हाथ में इंजेक्शन की सिरिंज लगी थी। उसके पास से दवा की सीसी भी मिली है। प्रारंभिक जांच में पता चला गौरव दीवार पर चढ़ते वक्त फिसल गया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई है।

# पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन की बादशाहनगर शाखा खुली

- अनिल कुमार निरंजन अध्यक्ष, अजय कुमार वर्मा शाखा मंत्री एवं अभय पाल सिंह हुए कोषाध्यक्ष निर्वाचित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन के बादशाहनगर शाखा का शुभारंभ 11मई को स्थानीय रेलवे मनोरंजन केन्द्र में रेलवे तथा केंद्र सरकार के अन्य विभागों से सेवानिवृत्त सैकड़ों पेंशनर्स की उपस्थिति में हुआ। संयोजक अजय कुमार वर्मा ने बताया कि काफी समय से पेन्शनर्स की बादशाहनगर में शाखा खोलने की मांग थी, ताकि उनके ग्रीवान्स का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि इस शाखा के खुलने से पेंशनर्स में अपार खुशी है। कार्यक्रम में भारत पेंशनर्स समाज नई दिल्ली के ज्वाइंट सेक्रेटरी जनरल अमिय रमण, प्रबंध समिति के सदस्य मुन्नीलाल गुप्ता, मुख्यालय से सत्य प्रकाश सिंह, वाराणसी मंडल के अध्यक्ष प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ मंडल के अध्यक्ष गोपालजी तिवारी, गोण्डा शाखा के अध्यक्ष जय प्रकाश धर द्विवेदी तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। शाखा का शुभारंभ करते हुए अमिय रमण ने जहां 8वें वेतन आयोग के गठन पर खुशी जाहिर की, वहीं फाइनेंस बिल 2025 द्वारा पेंशनर्स को वेतन आयोग से वंचित करने वाले कानून का विरोध किया। उन्होने कहा कि पेंशनर्स का देश निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका रही है तथा उनकी संख्या तथा वोट प्रभावित करने की क्षमता को देखा जाय तो वे लोकतंत्र के मजबूत स्तम्भ हैं। मुन्नी लाल गुप्ता ने कहा कि काले कानून का सभी पेंशनर एकजुट होकर विरोध करें, ताकि सरकार इसका दुरुपयोग करने से पहले सौ बार सोचने को विवश हो। सत्य प्रकाश सिंह ने पेंशनर्स एकता पर बल दिया। प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने कुछ ही वर्षो में एसोसिएशन की 25वीं शाखा के शुभारंभ पर हर्ष व्यक्त किया। गोपाल जी तिवारी ने कहा कि लखनऊ मंडल में एक और शाखा बढने से पेंशनर्स को सुविधा होगी। जेपीडी द्विवेदी ने पूर्ण सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम के अन्त में शाखा हेतु पदाधिकारियों के चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न की गई। जिसमें अध्यक्ष अनिल कुमार निरंजन, शाखा मंत्री अजय कुमार वर्मा तथा अभय पाल सिंह कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित राजेंद्र कुमार मिश्रा, अतीकुर्रहमान, आरती श्रीवास्तव, एसके सिन्हा, भृगुनाथ, एसएच अली, हरिश्चन्द्र, शिव भगवान, दानिश्ता खातून, अब्दुल जब्बार, अनिल कुमार तिवारी आदि ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को बधाई दी।

## मिशन 2027 की तैयारी में जुटी बीजेपी, संगठन में जातीय समीकरण को साधने पर करेगी फोकस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी संगठन को मजबूत करने में जुटी है। जिससे 2027 में तीसरी बार उत्तर प्रदेश में सरकार बन सके। इसे लेकर संगठन में जातीय समीकरण को साधने पर फोकस कर रही है। जिससे लोकसभा चुनाव की तरह उसे नुकसान न उठाना पड़े। 2027 चुनाव को लेकर संगठन को दुरुस्त करने पर जोर दे रही है। पार्टी ने साथ ही राज्य के सभी 1918 मंडलों में मंडल कार्यसमिति के गठन में सामाजिक समीकरणों को साधने का लक्ष्य रखा है। विपक्ष के पीडीए के जवाब में सभी वर्गों को भारतीय जनता संगठन में जगह देगी। पार्टी सूत्रों ने बताया यूपी के बचे 28 जिलों के जिला अध्यक्ष भी जल्द होंगे घोषित किए जाएंगे। इसे लेकर यूपी बीजेपी ने जिला अध्यक्षों का पैनल केंद्रीय बीजेपी को भेज दिया है। इस बार करीब 1.7 लाख कार्यकर्ताओं को बीजेपी समायोजित करेगी।

## वाटर पार्क में डूबा युवक, मौत हुई

लखनऊ। लखनऊ के बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में स्थित मरीनो वाटर पार्क में एक युवक की मौत हो गई। वह अपने दोस्तों के साथ वाटर पार्क में मस्ती करने गया था। घटना के बाद उसके दोस्तों ने पुलिस को सूचना दी। थाना पुलिस ने उनसे थाने में पूछताछ की। थाना प्रभारी ने कहा है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। मृतक की पहचान लकड़मंडी थाना सआदतगंज के सनी राठौर के रूप में हुई है। घटना शनिवार शाम की है। वाटर पार्क कठवारा गांव के चंद्रिका देवी मंदिर के पास है। चंद्रिका देवी मंदिर पुलिस चौकी में इस घटना की कोई जानकारी नहीं है। चौकी प्रभारी ने कहा कि अभी कोई सूचना नहीं मिली।

## किसान ने की आत्महत्या, आम के पेड़ से लटका मिला शव

लखनऊ। लखनऊ के नगराम थाना क्षेत्र में एक किसान शिव बालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शिव बालक (55) ने अपने खेत के ट्यूबवेल पर स्थित आम के पेड़ पर साड़ी से फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। शिव बालक के परिवार में पत्नी ऊषा और चार बच्चे हैं। तीन बेटे रितेश (19), अमितेश (24), दीपक (20) और एक बेटी रोशनी (28) हैं। पुलिस के अनुसार आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच जारी है।

# राजस्व विभाग में पारदर्शिता बढ़ाएगी योगी सरकार की इंटीग्रेटेड प्रणाली

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- लेखपाल से लेकर आयुक्त तक एक डैशबोर्ड पर करेंगे जानकारी साझा
- जन समस्याएं निपटाने के लिए योगी सरकार की बड़ी पहल
- एक साथ जुड़ेंगे लेखपाल, नायब तहसीलदार, तहसीलदार, एसडीएम और आयुक्त जैसे सभी राजस्व विभाग के अफसर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेशवासियों की समस्याओं के त्वरित समाधान और राजस्व विभाग के कामकाज में पारदर्शिता लाने के लिए एक बड़ी डिजिटल पहल करने जा रही है। योगी सरकार लेखपाल से लेकर आयुक्त तक अधिकारियों को एक समेकित डैशबोर्ड से जोड़ने की योजना पर काम कर रही है। इस समेकित डैशबोर्ड से राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार आएगा और जवाबदेही भी तय होगी। इसके साथ ही विभागीय समन्वय को मजबूती मिलेगी। राजस्व विभाग के सभी अधिकारी जैसे लेखपाल, नायब तहसीलदार, तहसीलदार, एसडीएम और आयुक्त अब एक ही डिजिटल मंच पर अपनी जानकारी साझा कर सकेंगे। इससे न केवल कार्यों की निगरानी आसान होगी, बल्कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान भी सुनिश्चित हो सकेगा। इस डैशबोर्ड पर भूमि रिकॉर्ड, भू-माप, राजस्व संग्रह और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध होंगी। अधिकारी इन आंकड़ों का विश्लेषण कर तेजी से निर्णय ले सकेंगे। इससे विभागीय कार्यों में पारदर्शिता आएगी। डैशबोर्ड के माध्यम से विभागीय अधिकारियों की गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जा सकेगी। इससे हर स्तर के अधिकारी के कार्यों की समीक्षा संभव होगी और जवाबदेही तय की जा सकेगी। जनता के साथ-साथ शासन भी यह जान सकेगा कि कौन अधिकारी किस स्तर पर कितना सक्रिय है। भूमि विवादों के समाधान में अक्सर समय लगता है, लेकिन इस डैशबोर्ड की मदद से अधिकारी संबंधित दस्तावेजों को डिजिटल रूप में तत्काल देख सकेंगे। इससे विवादों का जल्द निस्तारण संभव होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले विवादों पर भी अंकुश लगेगा।

यह योजना उत्तर प्रदेश सरकार की व्यापक डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पहल का हिस्सा है। सरकार चाहती है कि तकनीक के जरिए प्रशासन को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील बनाया जाए।

## अधेड़ न लगाई फांसी जांच में जुटी पुलिस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। पारा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हंसखेड़ा पंचायत की काशीराम कॉलोनी में रविवार दोपहर करीब 1 बजे एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जिसने क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। कॉलोनी के मकान नंबर 61d8 में रहने वाले 50 वर्षीय पुत्ती लाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह घर पर अकेले थे। स्थानीय लोगों ने जब काफी देर तक पुत्ती लाल को घर से बाहर नहीं निकलते देखा, तो सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा और शव को फंदे से उतार कर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पत्नी से दो महीने पहले किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था, जिसके बाद वह पति को छोड़कर मायके चली गई थी। इस घटना के बाद से पुत्ती लाल मानसिक रूप से परेशान थे। उनकी नववर्षीय बेटी समरीन उनके साथ ही रह रही थी। पिता की आत्महत्या के बाद, मां समरीन को अपने साथ लेकर चली गई है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। पड़ोसियों ने बताया कि पुत्ती लाल बेहद सरल और मेहनती व्यक्ति थे। घरेलू कलह ने उन्हें अंदर से तोड़ दिया था, जिसका अंत इतना भयावह होगा, किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या के पीछे की वजहों की जांच की जा रही है। साथ ही परिजनों से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या मानसिक तनाव के अलावा कोई अन्य कारण भी जिम्मेदार था।

# निजीकरण के खिलाफ गरमाया बिजली कर्मियों का मुद्दा

**, संघर्ष समिति और चेयरमैन के बीच आज होगी वार्ता**

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के खिलाफ पिछले पांच महीनों से आंदोलन कर रहे बिजली कर्मियों और अभियंताओं की संघर्ष समिति की पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन से 12 मई को वार्ता होगी। इससे पहले संघर्ष समिति ने स्पष्ट कहा है कि बातचीत का सही माहौल तभी बन सकता है, जब आंदोलन के दौरान की गई सभी उत्पीड़नात्मक कार्यवाही को वापस लिया जाए। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे बिजली कर्मचारियों पर बड़े पैमाने पर दमन किया गया है। संविदा कर्मियों की छंटनी, स्थानांतरण और वेतन रोके जाने जैसी कार्यवाही से कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने बताया कि निजीकरण के समर्थन में काम न करने पर लगभग 45ः संविदा कर्मियों को नौकरी से हटा दिया गया, जिनमें से कई 55 वर्ष से अधिक उम्र के हैं और सेवा के दौरान अपंग भी हो चुके हैं। इसके अलावा फ़ेसियल अटेंडेंस के नाम पर करीब 2000 कर्मचारियों का वेतन रोक दिया गया है। समिति के अनुसार, उनकी बैठकों में भाग लेने वाले कर्मियों की पहचान कर उन्हें जबरन ट्रांसफर किया जा रहा है। संघर्ष समिति ने यह भी याद दिलाया कि ऊर्जा मंत्री ने 19 मार्च 2023 को घोषणा की थी कि उस समय के आंदोलन में की गई सभी अनुशासनात्मक कार्यवाही को वापस लिया जाएगा, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ है।

# यूपी एनर्जी एक्सपो 2025 का उत्साह के साथ समापन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- यूपी में बैटरी स्टोरेज संयंत्र स्थापित करें निवेशक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ऊर्जा एक्सपो 2025 का इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भव्य समापन हुआ, जिसने उत्तर प्रदेश को भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन के अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित किया। पीएचडीसीसीआई, फर्स्टव्यू और यूपीनेडा , उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित इस तीन दिवसीय आयोजन ने 8 हजार से अधिक उपस्थितगणों को आकर्षित किया, जिनमें उद्योग नेता, उद्यमी और नीति निर्माता शामिल थे, जो सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन और ऊर्जा भंडारण में नवीनतम नवाचारों को देखने के लिए एकत्र हुए थे। अंतिम दिन चार विचारोत्तेजक पैनल चर्चाओं का आयोजन किया गया, जो राज्य में सौर ईपीसी, इलेक्ट्रिक फ्लीट, ऊर्जा भंडारण और ग्रिड आधुनिकीकरण के भविष्य पर केंद्रित थीं। उत्तर प्रदेश में सौर ईपीसी के विस्तार पर बोलते हुए, दीपक रायजादा, मुख्य अभियंता, यूपीपीसीएल ने कहा, उत्तर प्रदेश सरकार भारत के अन्य राज्यों की तुलना में बैटरी स्टोरेज सिस्टम में सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रही है। हम निवेशकों को राज्य में बैटरी स्टोरेज प्लांट स्थापित करने का आह्वान करते हैं, और उन्हें पूर्ण सरकारी समर्थन का आश्वासन देते हैं। राज्य में विद्युत आपूर्ति की कोई कमी नहीं है, और आईआईटी कानपुर और बीएचयू की मदद से हम सौर ईपीसी के लिए मजबूत फीडर्स और बुनियादी ढांचा विकसित कर रहे हैं। पैनलिस्टों ने राज्य के 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मजबूत नीति समर्थन की आवश्यकता पर बल दिया और ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, भूमि अधिग्रहण और कुशल श्रमिकों की कमी जैसी चुनौतियों का उल्लेख किया। राज्य एजेंसियों के बीच गहरी साझेदारी की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया, ताकि देश भर से अधिक निवेश आकर्षित किया जा सके। वाणिज्यिक और सार्वजनिक परिवहन फ्लीट के विद्युतीकरण पर चर्चा करते हुए यह माना गया कि 2050 तक भारत के कार्बन-न्यूट्रल लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ईवी अपनाने में तेजी लाने की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश पहले ही भारत के कुल ईवी उपयोग में 15ः योगदान दे चुका है, और राज्य 2030 तक इलेक्ट्रिक बसों के बेड़े का चरणबद्ध रूप से रोलआउट पूरा करने की योजना बना रहा है। इस दौरान, राजमार्गों पर पीपीपी मॉडल के तहत ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की योजना बनाई गई है, जिनमें से कई यूपीएसआरटीसी द्वारा संचालित किए जाएंगे। हालांकि, बैटरियों की उच्च लागत को एक महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में चिन्हित किया गया, और बैटरी तकनीक में सुधार और लागत को कम करने के लिए समर्थन की आवश्यकता पर जोर दिया गया। ऊर्जा भंडारण और ग्रिड आधुनिकीकरण पर सत्र में योगेश कुमार, वाणिज्यिक निदेशक, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने टिप्पणी की, हमारी विद्युत आपूर्ति अब भी थर्मल पावर पर निर्भर है, और गर्मियों में दोपहर और शाम के समय पावर डिमांड सबसे अधिक रहती है। हमें ऑफ-पीक घंटों में उत्पन्न अतिरिक्त ऊर्जा को संग्रहीत करने की आवश्यकता है ताकि शिखर समय में कमी को रोका जा सके और ग्रिड को स्थिर किया जा सके। सरकार बिजली भंडारण के लिए उपकेंद्रों का निर्माण करने की योजना बना रही है। एक महत्वपूर्ण बिंदु यह भी उठाया गया कि जो घर उच्च स्तर की सौर ऊर्जा उत्पादन करते हैं, उन्हें अपनी अधिक ऊर्जा का घरेलू उपयोग करना चाहिए, बजाय उसे ग्रिड में वापस भेजने के, ताकि स्थानीय ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ सके। रमेश कुमार ,सर्विस मैनेजर, यूपीएसआरटीसी ने कहा, ष्सरकार पहले ही इलेक्ट्रिक बसों के लिए परमिट और रोड टैक्स में छूट प्रदान कर चुकी है। पीपीपी मॉडल के तहत हर 25 किलोमीटर पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की योजना राज्य में इलेक्ट्रिक बसों को अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। रंजन नायर,हेड रिन्यूएबल एनर्जी, बीपीसीएएल ने बताया कि ग्रीन हाइड्रोजन की अधिक लागत, महंगा भंडारण, ऊर्जा का सुरक्षित रखरखाव और संयंत्रों के लिए विदेश आयतों पर निर्भरता चुनौती बनी हुई है। उत्तर प्रदेश की नीतियां देश के अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर होने की वजह से बीपीएल की प्रदेश में हाइड्रोजन फिलिंग स्टेशन बनाने की योजना पर काम कर रहे है। वक्ताओं में इंडस्ट्रीज के सभी सहयोगियों को एक मंच पर लाने पर सहमति बनी ताकि ग्रीन हाइड्रोजन को सस्ता, सुलभ, तकनीक संपन्न बनाने के लिए अनुसंधान और विकास के लिए समग्र रूप से सहयोग किया जाए। क्योंकि ग्रीन हाइड्रोजन यदि सस्ती होगी तभी यह ईंधन का प्रभावी विकल्प साबित होगा। ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है। आयोजन की सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए अतुल श्रीवास्तव, क्षेत्रीय निदेशक, यूपी चौप्टर, पीएचडीसीसीआई ने कहा, तीन दिवसीय यूपी एनर्जी एक्सपो 2025 हर दृष्टि से शानदार सफलता थी कृ यह दृष्टिकोण, क्रियान्वयन और सहयोग का अद्भुत मिश्रण था। क्लीन टेक नवाचारों से लेकर ग्रामीण ऊर्जा समाधानों तक, एक्सपो ने उत्तर प्रदेश की स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में तत्परता को प्रदर्शित किया। वरुण गुलाटी,सीईओ,फर्स्टव्यू ने कहा, यूपी एनर्जी एक्घ्सपो 2025 ने यह दिखा दिया कि जब इरादा और क्रियान्वयन मिलते हैं, तो क्या होता है। उत्तर प्रदेश ने खुद को केवल एक बाजार नहीं, बल्कि एक आंदोलन के रूप में उभारा है। अब रास्ता साफ है। सौर ऊर्जा को तेजी से बढ़ावा दें, स्थानीय निर्माण को सक्षम बनाएं, और छोटे व्यवसायों को भारत के नेट-जीरो यात्रा के अग्रणी के रूप में सशक्त बनाएं। जैसे ही यूपी एनर्जी एक्सपो 2025 समापन की ओर बढ़ता है, उपस्थितगण एक नई उम्मीद और उद्देश्य के साथ आयोजन स्थल छोड़ते हैं।

# लूट की दो वारदातों का खुलासा: ई-रिक्शा चालक समेत दो लुटेरे गिरफ्तार

**● आभूषण- नकदी और वाहन बरामद**

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**हरदोई।** पुलिस ने दो अलग-अलग लूट की वारदातों का सफल खुलासा किया है। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बेनीगंज थाना क्षेत्र में पहली घटना 10 मई 2025 को हुई थी। नीलम नाम की महिला प्रतापनगर चौराहे पर ई-रिक्शा से उतरकर पैसे खुला कराने गई थीं।

इस दौरान रिक्शा चालक उनका बैग लेकर फरार हो गया। बैग में आभूषण, कपड़े और कागजात थे। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार त्रिपाठी को



पकड़ा। उसके पास से ई-रिक्शा, सफेद धातु की पाजेब, कर्धनी, पीली धातु का हार और अन्य सामान बरामद हुआ। दूसरी घटना मल्लावां थाना क्षेत्र की है। 2 मई को केदार नाम के व्यक्ति से दो बाइक सवारों ने तिलक कार्यक्रम में जाते समय बैग छीन लिया था। बैग में नगदी और चैन थी। पुलिस ने आरोपी राजा गिहार को गिरफ्तार किया। उसके पास से लूटा गया बैग, पीली धातु की चैन, 3200 रुपए नकद और घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद हुई। राजा गिहार पर पहले से दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों मामलों में पुलिस की अलग-अलग टीमों ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार दोनों मामलों में कानूनी कार्रवाई जारी है।

# दयानन्द इंटर कॉलेज में लोकगायन कार्यशाला का हुआ उद्घाटन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**हरदोई।** विगत दिवस सुरसा के दयानंद इंटर कॉलेज में भारतेंदु नाट्य अकादमी की लोक गायन कार्यशाला की शुरुआत हुई। कार्यशाला का उद्घाटन विद्यालय के उप प्रधानाचार्य राकेश पाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर वह सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। प्रशिक्षक मोहम्मद हनीफ द्वारा प्रतिभागियों को लोक गायन की बारीकियां बताई गई। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में प्रतिभा करने वाले प्रतिभागियों को भारतेंदु नाटक अकादमी की ओर से एक प्रमाण पत्र दिया जाएगा। यह कार्यशाला 16 मई तक चलेगी। कार्यशाला का आयोजन नूरजहां सामाजिक शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक सेवा संस्थान के सहयोग से किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 9838229312 पर संपर्क किया जा सकता है। उद्घाटन के



अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 'ओ' लेवल एवं ''सीसीसी' कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन करें:विनीत तिवारी

**हरदोई।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विनीत कुमार तिवारी ने जनपद में संचालित भारत सरकार की अधिकृत संस्थ नीलिट से मान्यता प्राप्त संस्थाओं को अवगत कराया है कि अन्य पिछड़ा वर्ग के युवक/युवतियों को ''ओ' लेवल एवं ''सीसीसी' कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने हेतु विभाग की वेबसाइट backwardvelfareup.gov.in या obccomputeraining.gov.in 13 से 27 मई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर हार्डकापी 27 मई 2025 को सांय 05 बजे तक उपलब्ध करायें। उन्होने बताया कि ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों के अभिलेखों को ऑनलाइन अपलोड करते हुए डिजिटल हस्ताक्षर से 30 मई 2025 तक सत्यापन किया जायेगा और उसके उपरान्त राज्य स्तरीय गठित समिति द्वारा जनपद स्तर पर प्रशिक्षण देने वाली संस्थाओं का प्रशिक्षण 10 जून 2025 तक किया जायेगा तथा अधिक जानकारी के लिए उनके मोबाइल नम्बर-9076600582 पर किसी भी समय सम्पर्क कर सकते हैं।

### हरदोई में ओवरलोड टेंपो-मैजिक से बढ़ा खतरा: जिंदपीर चौराहे पर अवैध स्टैंड, क्षमता से दोगुनी सवारियां; कई हादसे हो चुके

**हरदोई** में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में लगातार लापरवाही देखी जा रही है। रेलवेगंज चौकी और जिंदपीर चौराहे के ओवरब्रिज के पास टेंपो और मैजिक चालकों ने अवैध अड्डा बना रखा है। चालक यहां से क्षमता से कई गुना अधिक सवारियां भरकर चलते हैं। जिंदपीर चौराहे पर बनी अस्थायी स्टैंड व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित है। टेंपो और मैजिक ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए मुख्य यातायात का साधन हैं। चालकों की मुनाफाखोरी से यात्रियों की सुरक्षा खतरे में है। शहर की सड़कों पर रोज ऐसे वाहन दौड़ते हैं जो क्षमता से दोगुनी-तिगुनी सवारियां लेकर तेज रफ्तार में चलते हैं। इससे वाहन का संतुलन बिगड़ जाता है। कई बार ओवरलोड वाहनों के पलटने से हादसे हो चुके हैं। इन हादसों में जान-माल की हानि भी हुई है। यात्री भी बिना विरोध किए इन भरे हुए वाहनों में बैठ जाते हैं। इससे चालकों को और साहस मिलता है। पुलिस और प्रशासन की निगरानी भी कम नजर आती है। एसपी नीरज कुमार जादौन की सख्ती का भी कोई असर नहीं दिख रहा है। शहरवासी मांग कर रहे हैं कि नियम तोड़ने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई हो। वे चाहते हैं कि स्टैंड केवल निर्धारित जगहों पर ही चलें। चालकों को क्षमता के अनुसार ही सवारी बैठाने के नियम का पालन करना होगा। इससे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

### एक अदद तमंचा 315 बोर नाजायज समेत गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** प्रभारी निरीक्षक सदर बाजार की पुलिस टीम ने तलाश वांछित अपराधी/संदिग्ध व्यक्तियों की चौकिंग के दौरान अभियुक्त अवनीश(22) उर्फभदोडी पुत्र भाईलाल निवासी मो0 रोशननगर सहबाजनगर थाना सदर बाजार, शाहजहाँपुर को शहबाजनगर रोड पीर मजार से थोडा आगे बाइपास रोड सतवां की ओर से गिरफ्तार किया गया,जिसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर नाजायज व 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 सुनील कुमार मौर्य, का0 2630 नितिन कौशिक शामिल रहे।

### पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** लिखित तहरीर के आधार पर थाना काँट पर तन्जीम(34) पुत्र नूर मोहम्मद खान, निवासी गांव उमराह थाना काँट, शाहजहाँपुर ने वादिनी की पुत्री के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध मे पंजीकृत कराया गया था। तन्जीम पुत्र नूर मोहम्मद खान को समय करीब 11.20 बजे नखाशा बाजार रावतपुर सडक से 20 कदम नीचे गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 भूपेन्द्र राणा, का0 1729 अनिल कुमार, का0 2810 गौरव कुमार शामिल रहे।

### तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, बृद्धा की मौत समेत छः घायल

**शाहजहांपुर।** थाना खुटार क्षेत्र में मैलानी मार्ग पर रविवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में 100 वर्षीय महिला की मौत हो गई। कार में सवार छह लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार जनपद लखीमपुर खीरी के थाना निघासन के गांव लुधौरी निवासी रामखिलावन(66), अपनी मां 100 वर्षीय विद्या देवी, गांव की 70 वर्षीय फूला देवी, 35 वर्षीय कविता देवी, आयुष (7), असलम के साथ कार से पूरनपुर के गांव सबलापुर के लिए जा रहे थे। कार अलीमुद्दीन चला रहे थे। यह लोग खुटार मैलानी रोड पर कार अनियंत्रित होकर व सड़क के किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। हादसे में 100 वर्षीय विद्या देवी की मौत हो गई बाकी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कॉम्पिटेंट एनर्जी का चर्चित सुपरवाइजर कर रहा विद्युत का चोरी से उपभोग

उरई (जालौन)। विद्युत विभाग में आम उपभोक्ताओं की चोरी पकड़ने में और उनका शोषण करने में माहिर हो चुका है। लेकिन विद्युत विभाग के कर्मचारी खुद विद्युत का चोरी से उपभोग करने में पीछे नहीं है रहे विद्युत विभाग में उपभोक्ताओं के बिल बनाने के लिए बिलिंग एजेंसी कंपिटेंट एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को जिम्मेदारी प्रदान की गई थी। इसके बाद उक्त कंपनी के द्वारा तहसील स्तर पर सुपरवाइजर बनाए गए जिनके नीचे मीटर रीडर बिलिंग का कार्य करते हैं लेकिन दूसरों के घरों में बिल बनाने वाली खुद के घरों में विद्युत का चोरी से उपभोग करते देखे जा रहे हैं। यह तब स्थिति है जब अधीक्षण अभियंता का साफ तौर पर कहना है कि विद्युत विभाग के अधिकारी से लेकर कर्मचारियों के घरों में मीटर लगाये जायेंगे और जितना वह विद्युत का उपभोग करेंगे उतना बिल उन्हें जमा करना होगा। फिर यहां तो प्राइवेट कंपनी के चर्चित सुपर वाइजर ही चोरी से विद्युत का उपभोग करने में लगे हुये हैं। इस बात की चर्चा विद्युत महकमे में भी अनेकों कर्मियों के मुंह से सुनी गयी हैं। सूत्रों से मिली जानकारी की मानें तो बिलिंग एजेंसी के द्वारा बतौर चर्चित सुपरवाइजर जिसका घर राजेंद्र नगर में वन विभाग के पीछ बताया जाता है जो विद्युत का चोरी से उपभोग कर रहा है। 11 मार्च 2025 को ली गई गूगल लोकेशन की तस्वीर इस बात को बयां करती है जिसमें सीधे विद्युत पोल से तार उसके घर में डाला हुआ है और कोई भी मीटर नहीं लगा जब इनका यह आलम है और दूसरों का क्या होगा खुद के घर में विद्युत चोरी करने वाला यह सुपर वाइजर तहसील में प्रति महीने के हिसाब से मीटर रीडर से वसूली करता है जिसके स्क्रीनशॉट भी कार्यालय में सुरक्षित किए गए हैं और जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को की जा चुकी है अगर देखा जाए तो इस समय विद्युत विभाग का दलाल अपने खास पन्टरों को बचाने में कामयाब नहीं हो पा रहा है लेकिन कंपिटेंट प्राइवेट लिमिटेड के सर्किल इंचार्ज अमित ठाकुर को इस बात को समझना चाहिए कि जब सुपरवाइजर ही अपने घर विद्युत चोरी करेंगे और राजस्व को नुकसान पहुंचाएंगे तो कैसे आम उपभोक्ताओं का बिल सही निकल रहा होगा अगर विद्युत विभाग के ईमानदार उपखंड अधिकारी उरई, अधिशासी अभियंता या अवर अभियंता खबर पढ़ने के बाद गूगल लोकेशन में लिखी हुई लोकेशन पर छापा मार दें तो यह स्पष्ट हो जाएगा की सुपर वाइजर अपने घर में कैसे बिजली जला रहा है।

# मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड हरदोई की 31 सदस्यों की जिला कार्यकारिणी घोषित



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**हरदोई। मुलायम** सिंह यूथ ब्रिगेड हरदोई की 31 सदस्यों की जिला कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष परिवेश श्रीवास्तव कुक्कू द्वारा आज घोषित की गई जिसमे शराफत अली को महासचिव,गौरव सिंह को कोषाध्यक्ष, अमित वर्मा उपाध्यक्ष , अजय यादव उपाध्यक्ष, दिवाकर पाल उपाध्यक्ष, अमन कुशवाहा उपाध्यक्ष रोहित सिंह उपाध्यक्ष, आशुतोष त्रिपाठी उपाध्यक्ष सहित 12 जिलासचिव, 10 कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत हुए। इसके साथ ही सांडी नगर अध्यक्ष शिराज खान हरदोई सदर का नगर अध्यक्ष फुरकान खान को मनोनीत किया।

# दहेज के लिए प्रताड़ित विवाहिता की मौत

**● हरदोई में कमरे में फंदे से लटका मिला शव, पति समेत ससुराल पक्ष फरार**

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**हरदोई** के संडीला कोतवाली क्षेत्र के गौसापुर गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका आरती का शव उसके ससुराल के कमरे में पंखे से लटका मिला। शेखवापुर निवासी रामेश्वर ने बताया कि उनकी बेटी आरती की शादी ढाई साल पहले अरविंद से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष कार की मांग को लेकर आरती को प्रताड़ित करता था। पिता का कहना है कि दामाद और उसके परिवार वाले अक्सर उनकी बेटी के साथ मारपीट करते थे। आरती 30 अप्रैल को मायके आई थी। रविवार को पति अरविंद उसे वापस ससुराल ले गया। गुरुवार को आरती ने पिता को फोन पर बताया कि उसके



साथ मारपीट हो रही है। शनिवार को जब पिता ने फोन किया तो ससुरालियों ने बताया कि आरती ने फांसी लगा ली है। मायके पक्ष के लोग तुरंत गौसापुर पहुंचे। उन्होंने देखा कि आरती का शव कमरे में पंखे से लटक रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के आठ माह के बेटे की स्थिति दयनीय है। घटना के बाद से पति समेत ससुराल पक्ष के सभी लोग फरार हैं। कोतवाल विजय कुमार के अनुसार परिजनों की तहरीर मिलते ही विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# मदर्स डे पर स्कूल में देशभक्ति का अनूठा संगम




राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**हरदोई के स्कूल में बच्चों ने मां और मातृभूमि को किया नमन**

**हरदोई** के स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल में रविवार को मदर्स डे का विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम को 卐ऑपरेशन सिंदूर卐 को समर्पित किया गया। आयोजन की शुरुआत पहलगाम आतंकी हमले में शहीद जवानों की स्मृति में दो मिनट के मौन से हुई। बच्चों ने कविताओं, गीतों और सनातन श्लोकों के माध्यम से अपनी प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीतों पर उनके नृत्य ने माहौल को देशप्रेम से सराबोर कर दिया। छात्रों ने मंच से यह संदेश दिया कि मां केवल परिवार की देखभाल ही नहीं करतीं। वे राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। स्कूल की प्राचार्या श्रीमती अदिति गौड़ ने कहा कि सीमा पर तनाव के इस माहौल में बच्चों को देश के प्रति जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्कूल बच्चों को संस्कार और देश के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में बच्चों की माताएं भी उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने बच्चों की भावनात्मक प्रस्तुतियों को देखकर गर्व महसूस किया। इस आयोजन ने सभी के मन में मां और मातृभूमि के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत किया।

# जन्मदिन की दावत के दौरान हमला



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**हरदोई** के मोहल्ला आजाद नगर में एक परिवार पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। घटना में गौरव सिंह सोमवंशी, अथर सिंह उर्फ बब्बू, मोन्टी गुप्ता, अंकुर सिंह सोमवंशी और आशीष शर्मा समेत 8-10 अज्ञात युवक शामिल थे। पीड़ित कृष्ण शर्मा के घर जन्मदिन की दावत चल रही थी। रात करीब 10 बजे आरोपी ईंट-पत्थर लेकर वहां पहुंचे। उन्होंने अचानक पत्थरबाजी शुरू कर दी। आरोपी घर में घुस आए और परिवार के सदस्यों से मारपीट की। मोहल्ले के लोगों के जमा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। कृष्ण शर्मा और उनके बड़े भाई अनिल शर्मा एडवोकेट ने तुरंत कोतवाली शहर के प्रभारी निरीक्षक को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित की शिकायत पर जांच शुरू कर दी। पीड़ित के मुताबिक, आरोपी पहले भी कई बार इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों जैसे यादगार गीतों की बेमिसाल सौगात रहे कैफी आजमी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**उरई (जालौन)।** प्रगतिवादी उर्दू साहित्य एवं फिल्मी जगत में अपने अनेकों यादगार गीतों से अतुलनीय योगदान देने वाले उर्दू के प्रसिद्ध प्रगतिवादी शायर और गीतकार कैफी आजमी को उनकी पुण्यतिथि पर जिले के प्रमुख शैक्षणिक संस्थान शिक्षा सृजन में इप्टा रंग कर्मियों और प्रशंसकों ने स्मृति दिवस के तौर पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया। स्मृति दिवस समारोह का शुभारंभ इपटा गीत बजा नगाड़ा शांति का रंगकर्मी संजीव गुप्ता दीपेंद्र सिंह डॉ. धर्मेंद्र वर्मा प्रदीप कुमार ने पूरे जोश और उत्साह के साथ प्रस्तुत कर लोगों को रोमांचित कर दिया। इसी क्रम में इप्टा अध्यक्ष देवेंद्र शुक्ला ने कैसी आजमी के साहित्यिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी शख्सियत



थे लोकप्रिय उर्दू शायर गीतकार और अभिनेता के तौर पर उन्होंने जो कुछ भी समाज को दिया वह आज भी उन्हें लोगों के दिलों में बनाए हैं उन्हें फिल्मी दुनिया के फिल्मफेयर अवार्ड के अलावा साहित्य अकादमी द्वारा साहित्य अकादमी पुरस्कार तथा भारत सरकार द्वारा पदम श्री से सम्मानित किया गया था। दयानंद वैदिक महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. रामप्रताप सिंह, जनमोर्चा संयोजक गिरन्द सिह कुशवाहा आदि ने कैफी आजमी विचारों और उनके साहित्यिक जीवन पर विचार साझा करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए और कहा कि कैफी आजमी के गीत लोगों के दिल को छू जाते थे 1960 और 70 के दशक में उन्होंने सात हिंदुस्तानी गर्म हवा बुजदिल कागज के फूल हकीकत और हीर रांझा जैसी लोकप्रिय फिल्मों के यादगार गीतों से लोगों के दिलों को झकझोर दिया। इस मौके पर कार्यक्रम में कैफी आजमी के गीतों, गजलों को प्रस्तुत किया गया जिसे सुनकर दर्शक भावविभोर हो गये कार्यक्रम में संगीत सुरेंद्र खरे व ढोलक पर संगत प्रदीप कुमार की रही। संचालन जिले के वरिष्ठ रंगकर्मी राजपप्पन ने किया आयोजित कार्यक्रम में संस्था के प्रबंधक सफ्दर आजमी, इमरान खान, अजीज खान मिस्कत अंसारी, लाइका नूर, अजय सिंह यादव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सहयोगी संस्थाओं के अलावा वरिष्ठ समाजवादी नेता अशोक गुप्ता, अनुराधा कठेरिया, अमजद आलम, निशा सिंह, देवेंद्र वर्मा, रईस अंसारी, अनम, प्रमोद वर्मा के अलावा विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर कैफी आजमी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

# अवैध पेड़ों की कटाव, परिवहन को लेकर चलाया चेकिंग अभियान

कालपी (जालौन)। उपवन संरक्षक के निर्देशन के अनुरूप कालपी के वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में विभागीय वन दरोगाओं तथा कर्मचारियों द्वारा पेड़ों की अवैध कटान एवं परिवहन के खिलाफअभियान चलाकर चेकिंग की गयी। वन क्षेत्राधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वन क्षेत्र के वृक्षों की सुरक्षा तथा, अवैध कटान एवं परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। इसी क्रम में वन क्षेत्राधिकारी कालपी के द्वारा मुख्य हाईवे एवं विभिन्न सड़कों तथा सार्वजनिक स्थानों में वन दरोगाओं तथा वंरक्षकों के द्वारा संदिग्ध वाहनों तथा गाड़ियों की चेकिंग की गई है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक वन हनुमत सिंह, वन दरोगा मन्ना सिंह तथा वनरक्षक हरि ओम के द्वारा एक ट्रक की तलाशी में अवैध लकड़ी बरामद की गयी।

## सधी रणनीति-कूटनीति

दशकों से पाक पोषित आतंकवादियों के हमले झेल रहे भारत ने पाक अधिकृत कश्मीर व पाकिस्तान में सधे-सटीक मिसाइल हमले करके आतंक की पाठशालाएं धवस्त कर दीं। 'ऑपरेशन सिंदूर' से बौखलाए पाक ने भारत के एक दर्जन से अधिक शहरों पर जो जवाबी हमले किए, भारतीय प्रतिरक्षा तंत्र ने उन्हें नाकाम कर दिया। दरअसल, भारत कई मोर्चों पर सधी चाल चल रहा है। पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने सेना के तीन अंगों के प्रमुखों, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार व विभिन्न हितधारकों से लगातार संपर्क बनाकर कारगर रणनीति की रूप-रेखा बनायी। ताकि पाक के सैन्य प्रतिष्ठानों व नागरिकों को हमले से कोई बड़ा नुकसान न हो। लेकिन भारत की सीमित कार्रवाई को जवाब देने में पाकिस्तान जल्दबाजी कर गया। हालांकि, देश के कुछ बड़े शहरों को युद्धक विमानों और ड्रोन के जरिये निशाना बनाने का पाक अभियान हमारी कई परतों वाली सुरक्षा तकनीक से विफल हो गया। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शीर्ष सैन्य अधिकारियों से मुलाकात करके युद्ध की रणनीति पर लगातार विचार करते रहे। इसी तरह सूचना व मनोवैज्ञानिक युद्ध के जरिये पाक को पस्त किया गया। उसके कई हवाई जहाज व दर्जनों आयातित ड्रोन भारतीय सुरक्षा की परतों को नहीं भेद पाये। वहीं दूसरी ओर, भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दुनिया में अपने समकक्षों से संपर्क साध करके आतंकवाद के पोषक पाक को बेनकाब किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दो टूक कहा कि वह भारत-पाक संघर्ष के बीच नहीं आएगा। वहीं अमेरिकी विदेश मंत्री ने पाक प्रधानमंत्री से बात कर संघर्ष को विस्तार देने से बचने का आग्रह किया। दरअसल, चीन व तुर्की को छोड़कर दुनिया के तमाम बड़े मुल्क आतंक से प्रभावित भारत के पक्ष में खड़े नजर आए हैं। वहीं सऊदी अरब के उपविदेश मंत्री अदेल अलीजुबैर और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची गुरुवार को दिल्ली पहुंचे। जिन्हें पहलगाम हमले के बाद की स्थितियों से अवगत कराया गया। भारत ने आतंक को बढ़ावा देना बंद न करने तक बातचीत से इनकार किया। मोदी सरकार, सुरक्षा से जुड़े तमाम विभागों तथा सेना के तीनों अंगों ने बेहतर तालमेल के साथ ऑपरेशन सिंदूर तथा उसके बाद पाक द्वारा किए हमलों को विफल बनाने के लिये पर्याप्त होमवर्क किया। लगातार बैठकों व संवाद के जरिये इस चुनौती के मुकाबले की रणनीति को अंजाम दिया। जिससे देश के जनमानस का भरोसा बढ़ा कि देश सही हाथों में है। अब तक भारत पाक पोषित आतंकवादी हमलों के बाद सिर्फ कूटनीतिक स्तर पर कार्यवाही की कोशिश करता रहा है। ऐसी स्थिति मुंबई हमले, संसद पर हुए हमले तथा पठानकोट एयर बेस पर हुए हमलों के बाद सामने आई। भारत सबूतों के आधार पर वैश्विक संगठनों से कार्रवाई की मांग करता रहा है। लेकिन पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देना नये भारत की बदली रणनीति का पर्याय ही है। पहले पाक के परमाणु हथियार का डर दिखाकर भारत को कार्रवाई करने से रोका जाता रहा है। कालांतर में 2016 में उरी में 19 सैनिकों के मारे जाने पर नियंत्रण रेखा के पार व 2019 में पुलवामा विस्फोट के बाद बालाकोट में एयर स्ट्राइक की गई। इसी तरह पहलगाम हमले के बाद सीधी कार्रवाई करके साफ संदेश दिया कि किसी भी आतंकी हमले का जवाब आतंकवाद को सींचने वाले पाक पर भारत सीधी कार्रवाई करेगा। भारत ने पहले पूरी दुनिया को पुलवामा हमले की साजिश के सबूत दिए और फिर कार्रवाई की। यही वजह है कि दुनिया के तमाम देश भारत के पक्ष में खड़े नजर आए। अब भारत ने महज अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर गुहार लगाना बंद कर दिया है। निश्चय ही यह रणनीति मनोवैज्ञानिक दबाव बढ़ाने के बजाय अमेरिका व इस्राइल की तर्ज पर घर में घुसकर मारने की रणनीति है। बहरहाल, भारत ने दुनिया को बता दिया कि पाक अपनी जमीन पर आतंकियों को प्रशिक्षण व समर्थन तो देता है लेकिन उनके विरुद्ध कार्रवाई से बचता है। वहीं दूसरी ओर भारत ने परंपरागत युद्ध शैली से हटकर नई तकनीकों का भरपूर उपयोग किया। भारतीय रक्षा कवच एस-400 यानी सुदर्शन चक्र आदि का पाक हमलों को विफल करना नवीनतम तकनीकों का ही प्रतिफल है।

**'ऑपरेशन सिंदूर' से बौखलाए पाक ने भारत के एक दर्जन से अधिक शहरों पर जो जवाबी हमले किए, भारतीय प्रतिरक्षा तंत्र ने उन्हें नाकाम कर दिया। दरअसल, भारत कई मोर्चों पर सधी चाल चल रहा है। पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने सेना के तीन अंगों के प्रमुखों, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार व विभिन्न हितधारकों से लगातार संपर्क बनाकर कारगर रणनीति की रूप-रेखा बनायी। ताकि पाक के सैन्य प्रतिष्ठानों व नागरिकों को हमले से कोई बड़ा नुकसान न हो।**

# रोहिंग्या मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद अब कुछ शेष नहीं

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**वर्ष 2021 में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि रोहिंग्याओं का भारत में अवैध रूप से रहना देश की सुरक्षा के लिए खतरा है। इसलिए अवैध तरीके से भारत में रहने वालों के खिलाफ कानून के अंतर्गत कार्रवाइयां की जाती रहेंगी। यहां केंद्र सरकार इतना कहकर ही नहीं रुकी । सरकार ने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वालों को शरणार्थी का दर्जा दिलाने के लिए संसद और कार्यपालिका के विधायी और नीतिगत डोमेन में नहीं जा सकती। वहीं, यह भी स्पष्ट किया गया था कि भारत यूएनएचआरसी के शरणार्थी कार्ड को कोई मान्यता नहीं देता है, जिसकी मदद से कुछ रोहिंग्या मुसलमान शरणार्थी के दर्जे के लिए दावा कर रहे हैं।**

भारत में मानवाधिकारों की आड़ में रोहिंग्याओं को बसाने का एक चक्र लम्बे समय से चल रहा है। जबकि वे भारत में आकर यहां के संसाधनों का भरपूर उपयोग तो कर ही रहे हैं, साथ ही भारतीयों के साथ किए जा रहे उनके दुर्व्यवहार के अनेक प्रकरण सामने आ रहे हैं। ऐसे में केंद्र की मोदी सरकार रोहिंग्या समस्या को लेकर सख्त है, किंतु ये मानवाधिकारवादी हैं कि भारत पर रोहिंग्याओं का अरिरिक्त बोझ मानवता के नाम पर डालने से पीछे नहीं हट रहे। अब सर्वोच्च न्यायालय ने जिस प्रकार की टिप्पणी इन रोहिंग्या को लेकर की है, यथा; 'यदि भारत में मौजूद रोहिंग्या शरणार्थी भारतीय कानून के तहत विदेशी पाए जाते हैं तो उन्हें निर्वासित किया जाना चाहिए।' तब इसके बाद कुछ कहने को शेष नहीं बचता। ऐसे में इन्हें अतिशीघ्र भारत से बाहर किया जाना चाहिए। देखा जाए तो आज जो सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की है, इससे पूर्व भी उसका अभिमत यही था। तब केंद्र सरकार ने न्यायालय के सामने स्पष्ट कर दिया था कि आखिर क्यों ये रोहिंग्या मुस्लिम प्रवासी भारत में नहीं रह सकते हैं। वर्ष 2021 में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि रोहिंग्याओं का भारत में अवैध रूप से रहना देश की सुरक्षा के लिए खतरा है। इसलिए अवैध तरीके से भारत में रहने वालों के खिलाफ कानून के अंतर्गत कार्रवाइयां की जाती रहेंगी। यहां केंद्र सरकार इतना कहकर ही नहीं रुकी । सरकार ने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वालों को शरणार्थी का दर्जा दिलाने के लिए संसद और कार्यपालिका के विधायी और नीतिगत डोमेन में नहीं जा सकती। वहीं, यह भी स्पष्ट किया गया था कि भारत यूएनएचआरसी के शरणार्थी कार्ड को कोई मान्यता नहीं देता है, जिसकी मदद से कुछ रोहिंग्या मुसलमान शरणार्थी के दर्जे के लिए दावा कर रहे हैं। साथ ही केंद्र की मोदी सरकार ने तत्कालीन समय में कोर्ट को यह भी बताया था कि किस हद तक भारत पहले ही बांग्लादेश से आए अवैध घुसपैठ का सामना कर रहा है, जिसके चलते कुछ सीमावर्ती राज्यों (असम और पश्चिम बंगाल) की जनसांख्यिकी प्रोफाइल बदल चुकी है। तब सरकार से जवाब से कोर्ट संतुष्ट नजर आई थी, और उसने केंद्र सरकार के पक्ष में ही फैसला सुनाया था। अब देखो; न्यायालय में इतना गहराई से स्पष्ट करने के बाद भी ये रोहिंग्याओं से जुड़े मामले हैं कि बंद होने का नाम नहीं ले रहे। वस्तुतः आज फिर इस मामले में उच्चतम न्यायालय मुखर हुआ है। न्यायालय ने देश में रोहिंग्याओं की जीवन स्थितियों और उनके निर्वासन की मांग से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए एक बार फिर अनेक टिप्पणियां की हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने अपने पुराने आदेश का हवाला देते हुए स्पष्ट कहा है, 'शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) द्वारा जारी पहचान पत्र उनके लिए कोई मददगार नहीं हो सकते हैं। वास्तव में यदि वे विदेशी अधिनियम के अनुसार विदेशी हैं, तो उन्हें निर्वासित किया जाना चाहिए। कहना होगा कि एक बार फिर आज सुप्रीम कोर्ट में वही दृष्य उभरा जो वर्ष 2021 में सामने आया था। अधिवक्ता कोलिन गोंसाल्वेस और अधिवक्ता प्रशांत भूषण रोहिंग्या शरणार्थियों की ओर से पेश हुए और अदालत को यूएनएचसीआर कार्ड का आधार लेकर रोहिंग्याओं के बच्चों और म्यांमार सरकार के वर्तमान रुख का हवाला देकर समझाना चाहा कि भारत में इन अवैध प्रवासी रोहिंग्याओं को रहने दिया जाए, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने फिर से स्पष्ट कर दिया है कि भारत सरकार को इन्हें निर्वासित करने का पूरा अधिकार है। इन्हें तत्काल निर्वासित किया जाए। अतः अब जरूरी हो जाता है कि जितनी जल्दी हो सके, इन्हें चिह्नत कर भारत से बाहर का रास्ता दिखाया जाए। अब यहां उन्हें समझना होगा जिन्हें मानवाधिकार के नाम पर इन रोहिंग्याओं से हमदर्दी है। वास्तव में उन्हें इन रोहिंग्याओं का इतिहास जरूर देखना चाहिए। ये वही रोहिंग्या हैं, जिन्होंने अपने ही देश म्यांमार में बहुसंख्यक बौद्ध समुदाय के खिलाफ अत्याचार किए। नतीजतन, शांतिप्रिय बौद्धों को हिंसा का सहारा लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। इन रोहिंग्याओं ने जो अपनी अराकान रोहिंग्या साल्वेशन आर्मी बनाई, उसके अत्याचार की लिस्ट बहुत लंबी है। म्यांमार की सेना को इनके कब्जे वाले क्षेत्र में हिंदुओं और बौद्धों की सामूहिक कब्रें मिल चुकी हैं। इन्होंने भयंकर क्रूरता से अपने अधिकार क्षेत्र में बौद्ध और हिन्दुओं का सामूहिक नरसंहार किया है। इस नरसंहार के दौरान रोहिंग्या मुसलमानों ने कुछ महिलाओं को तभी छोड़ा जब उनका इस्लाम में धर्मांतरण करा दिया गया। बाकी सभी को मारकर दफना दिया गया था। म्यांमार में जब रोहिंग्याओं का अत्याचार बढ़ने लगा तो सरकार ने अपने देशवासियों के लिए कई सख्त कानून लागू किए, जिनमें विवाह, परिवार नियोजन, आवागमन की स्वतंत्रता, रोजगार, शिक्षा, धार्मिक विकल्प आदि शामिल थे। जिसमें ये रोहिंग्या फिट नहीं बैठ पाए और यहां से पलायन करने लगे। सबसे पहले उन्होंने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करना शुरू किया। कई बांग्लादेश पहुंच गए। वहीं, इन रोहिंग्या मुसलमानों के आतंकवादी संगठन अका-उल-मुजाहिदीन के पाकिस्तान में इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और लश्कर-ए-तैयबा के साथ संबंधों का खुलासा कई बार हो चुका है। इनमें से कई हैं जो इस्लामिक आतंकवादियों को हर संभव मदद पहुंचाते हैं। अब तक भारत के अलग-अलग राज्यों में अनेक घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कई रोहिंग्या मुसलमान अपराधों में शामिल पाए गए हैं। दिल्ली से सटे हरियाणा के मेवात (नूंह), उत्तराखंड के हल्द्वानी और बनभूलपुरा क्षेत्र में हुए हिंसक दंगों में रोहिंग्या मुसलमानों की संलिप्तता सामने आ चुकी है। अकेले बनभूलपुरा क्षेत्र में ही आज करीब 8000 रोहिंग्या मुसलमान व अन्य बाहरी लोग रह रहे हैं। आज बांग्लादेश के रास्ते भारत में घुसे रोहिंग्याओं ने भारत और नेपाल के मैदानी और पहाड़ी दोनों इलाकों में अपनी अवैध बस्तियां बनाना जारी रखा है। हजारों की संख्या में ये रोहिंग्या हमारे देश में घुस चुके हैं। फिर भी भारत में ऐसे लोगों की कोई कमी नहीं, जो मानवाधिकार के नाम पर इन अपराधी रोहिंग्याओं की वकालत कर रहे हैं। वे उन्हें भारत में स्थायी रूप से बसाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर कर रहे हैं और भारत सरकार को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। अब ऐसे में हो यह कि केंद्र सरकार अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वालों के साथ सख्ती से विदेशी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निपटे। वस्तुतः आज जो सुप्रीम कोर्ट में इन रोहिंग्याओं के समर्थन में खड़े हो रहे हैं, उन अधिवक्ताओं को भी समझना चाहिए कि भारत कोई अराजक भूमि नहीं है, जहां, जब, जिसकी इच्छा हो वह घुस आए और यहां के मूल निवासियों के हकों को वह छीनने लगे।

# समाज के लिए नर्सों के योगदान को नमन

**अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर विशेष**

योगेश कुमार गोयल

**फ्लोरेंस नाइटिंगेल खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थीं। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रेंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था, वहीं अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था। उनके माता-पिता संपन्न परिवार से थे। ऐसे में उनका मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है। दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई।**

दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता है, जिनकी आज हम 205वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती पर 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। 'लेडी विद द लैंप' के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं। फ्लोरेंस नाइटिंगेल खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थीं। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रेंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था, वहीं अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था। उनके माता-पिता संपन्न परिवार से थे। ऐसे में उनका मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है। दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई। इसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना। फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की (तुर्किये) की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आ रही थीं। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं था। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया। फ्लोरेंस ने वहां पहुंच कर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे, जहां गंदगी, दुर्गंध, दवाओं तथा उपकरणों की कमी, दूषित पेयजल इत्यादि के कारण असुविधाओं के बीच संक्रमण से सैनिकों की बड़ी संख्या में मौतें हो रही थी। फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यों के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से 'लेडी विद द लैंप' कहने लगे थे। दरअसल जब चिकित्सक अपनी ड्यूटी पूरी करके चले जाते, तब भी वह रात के गहन अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायलों की सेवा के लिए उपस्थित रहती थीं। 1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटीं, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया। उसके कुछ ही माह बाद रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई। उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई। उसके बाद ही अस्पतालों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना, सैनिकों को बेहतर खाना, कपड़े और देखभाल की सुविधा मुहैया कराना तथा सेना द्वारा डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने जैसे कार्यों की शुरूआत हुई। सेवाभाव से किए गए फ्लोरेंस नाइटिंगेल के कार्यों ने नर्सिंग व्यवसाय का चेहरा ही बदल दिया था, जिसके लिए उन्हें रेडक्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति द्वारा सम्मानित किया गया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति फ्लोरेंस की सेवा भावना को देखते हुए ही नर्सिंग को उसके बाद महिलाओं के लिए सम्मानजनक पेशा माना जाने लगा और उनकी प्रेरणा से ही नर्सिंग क्षेत्र में महिलाओं को आने की प्रेरणा मिली। फ्लोरेंस के अथक प्रयासों के कारण ही रोगियों की देखभाल तथा अस्पताल में स्वच्छता के मानकों में अपेक्षित सुधार हुआ। 90 वर्ष की आयु में 13 अगस्त 1910 को फ्लोरेंस नाइटिंगेल का निधन हो गया, जिनकी कब्र सेंट मार्गरेट गिरजाघर के प्रांगण में है। उनके सम्मान में ही उनके जन्मदिवस 12 मई को 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' के रूप में मनाए जाने की शुरूआत की गई।

# चीनी के जहर के खिलाफ अमेरिका की लड़ाई

जगदीश रत्तनानी

**पिछले पखवाड़े केनेडी ने तीन सरल शब्द कहे थे- चीनी जहर है। इसके साथ ही उन्होंने बड़ी खाद्य कंपनियों द्वारा बेचे जाने वाले उत्पादों में शक्कर के उपयोग की जांच करने के लिए अपना एजेंडा निर्धारित किया। स्वास्थ्य सचिव ने कहा-अब से चार साल बाद, हम इनमें से अधिकांश उत्पादों को बाजार से बाहर करने जा रहे हैंय या जब आप किराने की दुकान पर जाएंगे तो आपको उनके बारे में पता चल जाएगा।**

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प ब्रिगेड का जंगल राज अमेरिकी अर्थव्यवस्था में पहले से ही नकारात्मक गिरावट ला रहा है, वहीं 2025 की पहली तिमाही में पर्यटकों के आगमन में नाटकीय रूप से कमी की सूचना दी गई है। उधर एलोन मस्क के चेनसॉ ने अमेरिकी सरकार के कई हिस्सों को प्रभावी ढंग से अपंग कर दिया है क्योंकि अधिकतर विभागों को छोटा या समाप्त कर दिया गया है लेकिन 100 वर्षों में नहीं देखे गए इस तूफान के बीच विवादास्पद अमेरिकी स्वास्थ्य और मानव सेवा सचिव रॉबर्ट एफ. कैनेडी, जूनियर ने कुछ अच्छा कर दिखाने की ठानी है। पिछले पखवाड़े केनेडी ने तीन सरल शब्द कहे थे- चीनी जहर है। इसके साथ ही उन्होंने बड़ी खाद्य कंपनियों द्वारा बेचे जाने वाले उत्पादों में शक्कर के उपयोग की जांच करने के लिए अपना एजेंडा निर्धारित किया। स्वास्थ्य सचिव ने कहा-अब से चार साल बाद, हम इनमें से अधिकांश उत्पादों को बाजार से बाहर करने जा रहे हैंय या जब आप किराने की दुकान पर जाएंगे तो आपको उनके बारे में पता चल जाएगा। यह एक नाटकीय और महत्वपूर्ण परिवर्तन है, पूरी तरह से सकारात्मक और स्पष्ट रूप से सही कदम है लेकिन यह एक गलत व्यक्ति की ओर से उठाया गया है- जो अन्यथा एक साजिश रचने वाला विचारक है, वैज्ञानिक विरोधी मान्यताओं और टीकों के खिलाफ शेखी बघारने के लिए मशहूर है। चिकित्सा एवं अनुसंधान संगठनों का तर्क है कि वह अंततः स्वास्थ्य नतीजों को नुकसान पहुंचाएगा और आबादी के बीच टीके के खिलाफ हिचकिचाहट बढ़ाएगा, जिससे बीमारी से लड़ना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। स्थिति ऐसी है कि स्वास्थ्य के खिलाफ स्वास्थ्य सचिव खड़े हैं। बहरहाल, कैनेडी के पास सोडा और मीठे पैक किए गए उत्पादों को बेचने वाले बिग फूड (और बिग फार्मा) कंपनियों के खिलाफ एक बड़ा और सकारात्मक एजेंडा भी है जो अमेरिका में मोटापे और मधुमेह महामारी के लिए जिम्मेदार होने के लिए जाने जाते हैं। वे कहते हैं कि अमेरिका में 38 प्रतिशत बच्चे पहले से ही मधुमेह या प्रीडायबिटिक हैं। इस बदलाव के कई पहलू हैं, परन्तु उल्लेखनीय बात यह है कि खाद्य पदार्थों में अधिकांश शक्कर की मिलावट या उपयोग दुनिया भर में और बेशक भारत में फैल गया है जिसकी जड़ें अमेरिकी खाद्य डिजाइन, पैकेजिंग और विपणन में हैं। अगर वैश्वीकरण ने चीन में विनिर्माण नौकरियों और भारत में सॉफ्टवेयर सेवाओं में उछाल लाया, तो वैश्वीकरण ने इन लोगों के लिए चीनी और उच्च फ्रैक्टोज कॉर्न सिरप लोडेड सोडा, चिप्स, कपकेक और पैक किए गए भोजन के नाम पर एक गहरा धक्का दिया। दावा है कि यह जीवन शैली में सुविधा दिलाता है लेकिन यह सुविधाओं के साथ स्वास्थ्य पर टिक टिक करने वाला टाइम बम बन गया है। उल्लेखनीय है कि आरएफ के जूनियर श्भोजन और भोजन जैसे पदार्थोंश की बात करते हैं क्योंकि यह तर्क दिया जा सकता है कि पैक किए गए भोजन के रूप में जो कुछ बेचा जाता है वह खाद्यान्न जैसा होता है लेकिन खाद्यान्न बिल्कुल नहीं होता है। हमने इस अभियान को भारत में बार-बार होते देखा है जहां दिग्गजों के खिलाफ नई जागरूकता और कुछ सक्रियता जड़ पकड़ रही है। इस बात पर गौर करेंरू भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के तुरंत बाद एक वैश्विक खाद्य दिग्गज ने नाश्ते के रूप में कॉर्नफ्लेक्स लॉच किया। उन्होंने कहा कि इसे भारतीयों द्वारा पसंद किया जाना चाहिए। कॉर्नफ्लेक्स के विज्ञापन पर भारतीय बाजार में लाखों डालर खर्च किए गए। प्रोमो में भारतीयों को कुल्चा, समोसे या इडली जैसे पारंपरिक गर्म नाश्ते को अस्वीकार करने और नए लॉन्च पर स्विच करने के लिए आमंत्रित किया जाता था। कॉर्नफ्लेक्स को एक ऐसा विकल्प बताया गया जो उपयोग में आसान, स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक नाश्ता है। उसी कंपनी ने जल्द ही अपने नाश्ते के अनाज के कई प्रकार पेश किए, उन्हें आकार, आकर्षक रूप से लाल, नीले और भूरे रंगों में श्फ्रॉस्टी डस्टश के साथ प्रस्तुत किया गया- सभी में चीनी व रंग थे जो और कुछ भी हो लेकिन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक थे। भारतीयों की आदतों को गर्म भारतीय भोजन से बदलकर अस्वास्थ्यकर पैक किए गए उत्पादों में बदलने की मांग पर जोर दिया जा रहा था। यह उदाहरण कई खाद्य उत्पाद कंपनियों में से एक का है जिसने चीनी, कृत्रिम रंग और अपने उत्पादों में एडिटिव्स के वर्गीकरण (खाद्य में विभिन्न प्रयोजनों के लिए मिलाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के पदार्थ शामिल हैं, जिनमें संरक्षण, स्वाद में सुधार, रंग निखारना और बनावट में बदलाव करना शामिल है) को आगे बढ़ाया है। फिर मार्केटिंग पेडल पर दबाव डाला और समय के साथ आम भारतीयों के स्वास्थ्य की कीमत पर व्यवसाय बनाने और बढ़ाने में सफल रहे। इनके लक्षित टारगेट में बड़ों के साथ बच्चे भी शामिल हैं। देश की सबसे पुरानी परिचालित कंपनियों में से एक बहुराष्ट्रीय कंपनी ने एक बार जैम को ब्रेन फूड के रूप में पेश करने की कोशिश की और यह तब तक जारी रहा जब तक कि सरकार ने इस कंपनी को काल्पनिक दावा करने से रोक नहीं दिया। आज भी भारत में कई प्रमुख खाद्य और पेय ब्रांड अपने आप में संदिग्ध सामग्री ले जाते हैं और यह अक्सर इतनी अधिक मात्रा में होता है जिसकी कई विकसित अर्थव्यवस्थाओं में अनुमति नहीं दी जाएगी। कई भारतीय ब्रांड नियमों और कानूनों के बड़े उल्लंघनकर्ता हैं लेकिन प्रतिष्ठित, विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त और भारी विपणन वाले अंतरराष्ट्रीय ब्रांड उनके पैमाने और पहुंच देखने के बावजूद खाने के लिए बदतर हो सकते हैं। सोशल मीडिया अभियानों ने इनमें से कई को भारत बनाम रेस्ट ऑफ द वर्ल्ड मैच-अप सूची में उजागर किया है और यह अक्सर ब्रांडों का मामला है जो भारत में अधिक चीनी और विभिन्न व कभी-कभी खतरनाक रासायनिक इनपुट के साथ दूर हो रहे हैं जबकि अन्य बाजारों में इनका स्पष्ट उल्लेख करते हैं। भारत में ढीले नियम भी समस्या का एक हिस्सा हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) प्रणाली की सक्रियता के बारे में शक नहीं है लेकिन उसकी कमजोरी को उजागर करता है। इसमें क्षमता, पारदर्शिता, निरीक्षण की कमी और खराब प्रवर्तन के लिए कई अन्य चुनौतियों की समस्याएं शामिल हैं। भारतीय बाजार में अवसर का आकार अपने आप में एक समस्या है क्योंकि फायदा कमाने के लिए ब्रांड कुछ भी करेंगे और आम तौर पर सफलता पाते हैं यदि उनका टाइम होराइजन (टाईम होराइजन को अक्सर निवेश समय के रूप में संदर्भित किया जाता है। यह वह समय सीमा है जिसके दौरान कोई निवेशक किसी योजना में अपनी पूंजी का निवेश करता रहेगा। इस अवधि के बाद कोई निवेशक अपना निवेश वापस ले लेगा। आम तौर पर निवेश के उद्देश्य और रणनीतियां निवेश टाईम होराइजन तय करती हैं) बहुत सीमित नहीं है। इस मामले को भारतीय उपभोक्ताओं में जागरूकता की (हाल तक की) सापेक्ष कमी और ब्रांडों को न केवल सामग्री के लिए बल्कि पैकेजिंग और विज्ञापन में जो कहा जाता है- स्वस्थ, तेज, स्मार्ट परिणाम देने के दावों के साथ, उसके लिए भी जिम्मेदार ठहराने की चुनौतियों के साथ जोड़ना चाहिएय या इसके कुछ प्रकार, काफी नियमित रूप से उपभोक्ताओं पर थोप दिए जाते हैं। ये बातें कंपनी के मार्केटिंग साहित्य (किसी उत्पाद, सेवा या विचार को बढ़ावा देने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सभी लिखित सामग्री, प्रकाशन व दस्तावेज, इसमें ब्रोशर, विज्ञापन, बिक्री पत्र और वेबसाइट सामग्री जैसी चीजें शामिल हैं जिनका उद्देश्य संभावित ग्राहकों को सूचित करना और उन्हें पटाना है) में फीड करता है कि, कैसे एक ब्रांड श्बाधाओंश के खिलाफ सफल हुआ या कैसे एक रणनीति विफल हो गई और बदल गई जिसके कारण उत्पाद की कीमत कम करनी पड़ी। इस प्रकार सीमित और संकीर्ण मार्केटिंग नीतियों का विवरण देने वाली प्लेबुक की सफलता का जश्न मनाने के बजाय मुद्दों के नैतिक आयाम को चिह्नित किया गया। अमेरिका में खाद्य कंपनियों के सामने एक अति आत्मविश्वासी, अति उत्साही प्रशासन के नेतृत्व में एक बड़ी चुनौती खड़ी है जो आसानी से न झुकने वाली शक्तिशाली खाद्य लॉबी को परिवर्तन के लिए बाध्य करने वाली है। उम्मीद है कि यह बदलाव ईमानदार भोजन का एक नया युग लाएगा जिसमें कंपनियों को अधिक बिक्री के लिए चीनी खिलाने के लिए महंगी कीमत चुकानी होगी। भोजन में स्वाद, रंग, रंजक या अन्य योजक के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। नमक की सीमा चेक की जानी चाहिए। चीनी पर टैक्स लगाया जा सकता है। इन खाद्य दिग्गजों को आम लोगों की कीमत पर खुद को और अपने शेयरधारकों को अमीर बनाने की मुफ्त की सवारी समाप्त होनी चाहिए। यदि ट्रम्प प्रशासन इसमें से थोड़ा सा भी जनता को देने में मदद करता है तो यह एक ऐसे युग में जश्न मनाने का एक अच्छा परिणाम होगा जहां आम तौर पर अंधेरा दिखता है।

# बरेली मोड़ चौराहे पर डग्गामार वाहनों का कब्जा

- ई रिक्शों और डबल डेकर प्राइवेट बसों की वजह से हर समय जाम रहता चौराहा।
- यातायात विभाग और एआरटीओ की कार्यवाही का नहीं कोई डर, मुख्य चौराहे पर भरते हैं सवारियां

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



### एक सिपाही तक नजर नहीं आता चौराहे पर

शाहजहांपुर। बरेली मोड़ चौराहे से मात्र पचास मीटर की दूरी पर स्थित चौकी अजीजगंज सहित मुख्य चौराहे पर भी अस्थाई चौकी बनाई गई थी।कुछ दिन तक तो एक,दो सिपाही चौराहे पर नजर आए लेकिन अब वह भी नजर नहीं आते।चौराहे से शहर के अंदर जाने पर दो चौकियों को सड़क के बिल्कुल किनारे पर बनाया गया है।लेकिन इन चौकियों पर सिर्फ कुर्सियां पड़ी नजर आती है।

शाहजहांपुर। जनपद शाहजहांपुर का सबसे व्यस्ततम बरेली मोड़ चौराहे पर डग्गामार वाहनों ने कब्जा कर रखा है।इसकी वजह से आम नागरिकों,तथा प्राइवेट वाहनों, स्कूलों के वाहन, एम्बुलेंस आदि वाहनों को काफी दिक्कत होती है।सुबह दस बजे से लेकर शाम आठ बजे तक चौराहे पर ई रिक्शों और डबल डेकर प्राइवेट बसों के संचालन से पूरा दिन जाम लगा रहता है।सबसे खास बात है कि इतना व्यस्त चौराहा,जहां सुबह से लेकर शाम तक लाखों की संख्या में यात्री अपने गंतव्य तक पहुंचने को इसी चौराहे से वाहन का इंतजाम करते हैं फिर भी ना तो पुलिस का कोई कर्मी और ना ही यातायात का कोई सिपाही कहीं नजर नहीं आता है।

बताते चलें कि फरुखाबाद, लखीमपुर खीरी, सीतापुर पीलीभीत बरेली हरदोई आदि जनपदों को आने और जाने वाले वाहनों जिसमे रोडवेज की बसों से लेकर सभी वाहन बरेली मोड़ चौराहे से ही होकर निकलते है।इसकी वजह से विभिन्न स्थानों पर जाने वाले यात्रियों को बरेली मोड़ पर ही आना पड़ता है।इस वजह से हजारों की संख्या में लोगों की आवाजाही हर समय बनी रहती है।इन्हीं यात्रियों को जनपद के अंदर तथा राजघाट चौकी,जिला अस्पताल, कचहरी, एसपी ,डीएम ऑफिस जाने वाले लोगों को ले जाने हेतू ई रिक्शों ने पूरी तरह से चौराहे पर कब्जा जमा कर रखा है।

### एक माह में सौ से ज्यादा ई रिक्शा सीज किए गए

शाहजहांपुर। शासन के आदेश पर एक माह तक चौराहे पर पुलिस ही पुलिस नजर आती थी।अप्रैल में एक माह का शासनादेश जारी किया गया था जिसमें डग्गामार वाहनों और ई रिक्शों तथा डबल डेकर प्राइवेट बसों के खिलाफ कार्यवाही करने को शासन ने जनपद को आदेशित किया था।जिसके फलस्वरूप खुद एआरटीओ शांति भूषण पाण्डेय, सीओ यातायात संजय कुमार सिंह, यातायात प्रभारी विनय कुमार पाण्डेय ने बरेली मोड़ चौराहे पर डग्गामार वाहनों और ई रिक्शों के खिलाफ अभियान चलाकर बड़ी कार्यवाही की थी।इस कार्यवाही में सौ से ज्यादा अपंजीकृत ई रिक्शों को सीज किया गया था और एक दर्जन से ज्यादा प्राइवेट बसों के चालान किए थे।बसों के चालान सिर्फ प्रशासन को दिखाने और अपनी कागजी कार्रवाई दिखाने के मकसद से की गई थी।हालांकि यातायात प्रभारी विनय कुमार पाण्डेय ने बताया कि शासन प्रशासन की मंशानुरूप डग्गामारी के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी।बरेली मोड़,हरदोई बाईपास,आदि व्यस्त इलाकों में यातायात कर्मी हर समय तैनात रहेंगे।

# दो साल से नाबालिग के साथ कर रहा था दुष्कर्म

- बीती रात में आरोपी को कंाट पुलिस ने किया गिरफ्तार
- आपत्तिजनक वीडियो बनाकर नाबालिग और उसके परिजनों को कर रहा था ब्लैकमेल



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कंाट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है कि दो वर्ष पहले उसकी सोलह वर्षीय पुत्री गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति की दुकान पर सामान लेने गई थी।आरोप है कि आरोपी दुकानदार तंजीम ने उसकी पुत्री को कोई नशीला पदार्थ खिला दिया।जिससे उसकी पुत्री बेहोश हो गई।आरोपी ने उसकी पुत्री के साथ बलात्कार किया और गंदे वीडियो बना लिए।देर रात उसकी पुत्री घर पहुंची और सारी घटना से अपनी मां को अवगत कराया।सुबह को वह आरोपी के घर शिकायत करने पहुंची तो आरोपी तंजीम ने वीडियो दिखाकर कहा चुपचाप बैठ जाओ नहीं तो वीडियो वायरल कर देंगे।अगर वीडियो खत्म करना है तो पचास हजार रुपए देना पड़ेंगे।महिला का आरोप है कि आरोपी तंजीम तब से लगातार उसकी पुत्री के साथ बलात्कार करता रहा।अभी एक सप्ताह पहले आरोपी तंजीम ने महिला को वीडियो वायरल कर देने की धमकी देकर रुपए की मांग की।तंग आकर महिला अपनी पुत्री को लेकर कंाट कोतवाली पहुंची।क्राइम इंस्पेक्टर सत्यदेव सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई जिसमें मामला सही पाया गया।पुलिस ने आरोपी तंजीम के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के साथ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।देर रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी तंजीम को रावतपुर छेत्र से गिरफ्तार कर लिया।क्राइम इंस्पेक्टर सत्यदेव सिंह ने बताया कि लड़की नाबालिग है।उसका मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वास्थ्य मेले का किया गया आयोजन

**शुक्लागंज-उन्नाव।** राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ राजेश चंद्रा, डॉ अल्तमश खान, डॉ अर्चना गुप्ता, विमल किशोर ने मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। इसके साथ ही अन्य डॉक्टरों ने भी मरीजों का परीक्षण किया। डॉक्टरों ने बताया कि मेले के दौरान 103 मरीजों का परीक्षण किया गया और उन्हें दवाइयां बांटी गई है। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। वहीं मेले में आये खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों की जांच की गई।

### तेज आंधी-तूफान का कहर, 25 पेड़ गिरे, 6 मकान क्षतिग्रस्त

**फतेहपुर।** जिले के सुजानपुर गांव में रविवार शाम करीब 5 बजे आई तेज आंधी और तूफान ने भारी तबाही मचाई। इस दौरान 25 फलदार पेड़ों सहित कई नीम के पेड़ जमीन पर गिर गए।तूफान में 6 मकानों को नुकसान पहुंचा है। पेड़ों के गिरने से मकानों की छतें और दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं। करीब 20 मिनट तक चले इस तूफान में लोगों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। ग्राम प्रधान हेमलता पटेल ने बताया कि इस हादसे में लगभग 2 से 3 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने जिला प्रशासन से दैवीय आपदा के तहत नुकसान का सर्वे कर पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद देने की मांग की है। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। राजस्व विभाग की टीम जल्द ही नुकसान का आकलन करेगी। इसके बाद प्रभावित परिवारों को मुआवजा दिया जाएगा।

### अखिलेश सिंह बोले, गरीब परिवारों की जनगणना कराए सरकार

**फतेहपुर।** असोथर में राष्ट्रवादी पार्टी की जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। राष्ट्रीय महासचिव पूनम सिंह विशिष्ट अतिथि थीं। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यकर्ताओं ने मंच पर उपस्थित नेताओं का फूल माला और बुके से स्वागत किया। अखिलेश सिंह ने कहा कि भाजपा से गठबंधन के बावजूद वे केंद्र सरकार की जाति जनगणना का विरोध करते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को गरीब परिवारों की जनगणना करानी चाहिए। इससे योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचेगा। पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी है। अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा से मांगें न मानी गईं तो पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। उन्होंने बताया कि देशभर में पार्टी के 5 करोड़ सदस्य हैं। स्थानीय मुद्दों के समाधान के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन दिए जा रहे हैं। पार्टी पंचायत चुनाव में भी प्रत्याशी उतारेगी। जनसभा में राष्ट्रीय प्रवक्ता भारत विकास, संरक्षक अनिल सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तिलक राम यादव और अशोक श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह समेत कई नेता मौजूद रहे।

### 25 साल पुराने वारंटी और दो बकरी चोरों को पकड़ा

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 25 साल पुराने एक वारंटी और दो बकरी चोरों को पकड़ा है। पहली गिरफ्तारी में पुलिस ने 1997 के एक पुराने मामले में वारंटी छिद्दू सिंह सिंगरौर को पकड़ा। 60 वर्षीय छिद्दू ग्राम सरौली का रहने वाला है। यह मामला धारा 147,353,342 से जुड़ा है। उप निरीक्षक रमेश कुमार यादव और जगदीश प्रसाद मिश्र की टीम ने इस गिरफ्तारी को अंजाम दिया। दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो बकरी चोरों को पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों में नरेंद्र सिंह उर्फ नंदा और धर्मजीत सिंह उर्फ लामा शामिल हैं। दोनों रामपुर के रहने वाले हैं। इनके पास से चोरी की एक बकरी बरामद हुई है। 45 वर्षीय नरेंद्र सिंह का आपराधिक रिकॉर्ड काफी लंबा है। उस पर पहले से चार मुकदमे दर्ज हैं। इनमें हथियार एक्ट और जानलेवा हमले के मामले शामिल हैं। बकरी चोरी के मामले में दोनों आरोपियों पर धारा 303(2)ध्317(2) के तहत केस दर्ज किया गया है। उप निरीक्षक संतोष कुमार की टीम ने यह कार्रवाई की। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

### खागा में नए कोतवाल ने संभाला पद

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली के नए कोतवाल गिरेंद्र पाल सिंह ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को अपनी पहली प्राथमिकता बताया। कोतवाल सिंह ने कहा कि अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। वे पहले भी कई थानों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्हें अपराध नियंत्रण और जनसंपर्क में विशेष अनुभव है। पद संभालते ही उन्होंने कोतवाली परिसर का निरीक्षण किया। अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बैठक में अनुशासन और समय पालन पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि थाने में आने वाले हर व्यक्ति के साथ शालीन व्यवहार किया जाएगा। सभी शिकायतों पर निष्पक्ष कार्रवाई होगी। क्षेत्र की जनता को कानून व्यवस्था में सुधार की उम्मीद है। लोगों का मानना है कि गिरेंद्र पाल सिंह के अनुभव से अपराधियों में भय का माहौल बनेगा। फरियादियों को थाना स्तर पर ही सरल और सुलभ न्याय मिलेगा।

### 2 बिस्वा जमीन के लिए दादी की गर्दन काटी, पोता बोला- जमीन नाम नहीं की तो मुक्ति दे दी

**प्रयागराज।** प्रयागराज में 1 करोड़ की जमीन के लिए पोते ने दादी का मर्डर कर दिया। आरोपी ने धारदार हथियार (लकड़ी छीलने वाले बसूला) से चारपाई पर सो रही दादी का धड़ गर्दन से अलग कर दिया। 20 मिनट तक बगल में बैठकर लाश को घूरता रहा। फिर घर के दरवाजे पर जाकर लेट गया। खून से सने हाथ और कपड़े देखकर उसकी पत्नी ने पूछा, ये खून कहां से आया? आरोपी ने जवाब दिया- आज मैंने दादी को मुक्ति दे दी। अब जाओ पुलिस को बुलाओ। आरोपी की पत्नी दादी के पास पहुंची तो देखा कि खून से लथपथ दादी का शव पड़ा हुआ था। गर्दन धड़ से अलग थी। यह देख उसकी चीख निकल गई। शोर मचाकर परिजनों को बुला लिया। पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने ले गई। मामला सोरांव के नहर दादौली गांव का है। सोरांव के नहर दादौली चौराहे पर सरजू देवी अपने दोनों बेटों राजकरण विश्वकर्मा और सतीश विश्वकर्मा के साथ रहती थीं।

# पेंशनर्स मीटिंग डीआईजी ने वरिष्ठ पेंशनरों को किया सम्मानित

- पुलिस परिसर में हुआ आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। रविवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस की अध्यक्षता में जनपद बांदा,हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट के समस्त पुलिस पेंशनर्स एवं पदाधिकारियों के साथ पुलिस लाइन सभागार बांदा में पुलिस पेंशनर्स की मीटिंग का आयोजन किया गया मीटिंग में मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा के साथ में पलास बंसल पुलिस अधीक्षक बांदा,अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज नोडल अधिकारी क्षेत्राधिकारी लाइन एवं प्रतिसार निरीक्षक वेद मणि मिश्रा प्रधान लिपिक, आंकिक आदि मीटिंग में उपस्थित हुए इस अवसर पर पेंशनर्स कल्याण संस्थान बांदा के अध्यक्ष/ मंडल संयोजक गोविन्द सिंह कछवाह, महासचिव जय करन सिंह ,सचिव द्वितीय, श्याम लाल यादव, मीडिया प्रभारी सत्य प्रकाश द्विवेदी कोषाध्यक्ष अलकू विश्वकर्मा जनपद बांदा मीटिंग में उपस्थित रहे। पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा सबसे अधिक बयोबृद्ध पेंशनर्स लल्लू सिंह उम्र करीब 85 वर्ष शिवपूजन सिंह यादव 84 वर्ष, सैयददीन नामदेव 74 वर्ष को अंगवस्त्र, गीता, छड़ी देकर पुष्प माला से सम्मानित किया गया इसके अतिरिक्त डीआईजी महोदय/ पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस पेंशनर्स अध्यक्ष/मंडल संयोजक गोविन्द सिंह कछवाह को राम दरबार प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया एवं इकाई बांदा कार्यालय में अच्छा मेहनत से काम करने केलिए जय करन सिंह महासचिव तथा सत्य प्रकाश द्विवेदी मीडिया प्रभारी को सराहनीय कार्य करने केलिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया मीटिंग में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर अपराधों से बचने केलिए सभी पेंशनर्स को बताया गया जनपद चित्रकूट, हमीरपुर महोबा के पदाधिकारियों द्वारा कार्यालय उपलब्ध न होने की समस्या बताया कार्यालय उपलब्ध कराने के लिए आस्वाशन दिया गया हर समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देश दिए,गये चिकित्सा प्रतिपूर्ति ,ज।व।आदि बिलों का एवं परिचय पत्र बनाने के सम्बन्ध में आश्वासन दिया गया ।सबेरा योजना में पेंशनर्स को अपना नाम रजिस्टर्ड कराने के लिए पेंशनर्स को समझाते हुए प्रकाश डाला गया । प्रतिसार निरीक्षक द्वारा सूक्ष्म जलपान कराया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा अपने उद्बोधन में सभी पेंशनर्स के स्वास्थ्य लाभ की शुभ कामनाएं दी गई, हरसंभव हमेशा सहयोग करने का आश्वासन दिया। अंत में अध्यक्ष बांदा /मंडल संयोजक श्री गोविन्द सिंह कछवाह द्वारा सभी उच्चाधिकारियों एवं सम्माननीय पुलिस पेंशनर्स भाइयों का आभार व्यक्त किया।इस मौक़े पर पेंशनर्स करीब 145 सदस्य गण मौजूद रहे।

# बाँदा रोटी बैंक ने जरूरतमंदों को कपड़े और किताबें

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। प्रत्येक रविवार की तरह आज भी बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख़ सादी जमा और बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के सहसंरक्षक चन्द्र मौली भारद्वाज,मनु बंसल जी के संरक्षण में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के सचिव मोहम्मद इदरीश की अध्यक्षता में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के सदस्य महेन्द्र पाल के नेतृत्व में ग्राम प्रधान राजेश यादव ग्राम बाँधापुरवा ब्लॉक बड़ोखर तहसील बाँदा जनपद बाँदा की उपस्थित में,समाजसेवी सीताराम यादव के सहयोग से शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के द्वारा दिए गए कपड़े, किताबें,जूते चप्पल,पर्स आदि का वितरण ग्राम बाँधापुरवा के जरूरतमंदों ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को बालविवाह, नशामुक्ति,जल संरक्षण तथा उनके कानूनी अधिकार के प्रति बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की टीम की महिला अध्यक्ष श्रीमती तबस्सुम फ़ातमा और महिला महामंत्री श्रीमती रिया खान के द्वारा जागरूक किया गया। उक्त कपड़े,किताबें, जूते चप्पल आदि पाकर ग्रामवासियों में अपार खुशी दिखाई दी सभी लोगों को दुआएं आशीर्वाद से नवाजा उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप में अध्यक्ष रिज़वान अली,उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, संगठन मंत्री सुनील सक्सेना, मीडिया प्रभारी अब्दुल मुजीब, मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी,इरफान खान चाँद शाखा प्रमुख खाईपार,मोहम्मद हामिद शाखा प्रमुख गूलर नाका,सदस्य श्रीमती राबिया खान आदि पदाधिकारी , सदस्यों एवं समाजसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# गंगा समग्र की प्रेस कांफ्रेंस में अवैध खनन और जिम्मेदार अधिकारियों पर उठे सवाल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। जनपद में चल रहा अवैध खनन का खेल जोरो पर है। जहां एक तरफ नदियों की हालत खराब हो रही है वहीं अवैध मोरम खनन से सड़क मार्ग की भी धज्जियां उड़ रही हैं। इन सब मामलों के अंतर्गत गंगा समग्र कानपुर प्रांत के जिला संयोजक बांदा, महेश प्रजापति ने प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया है कि वर्तमान में बालू के अवैध खनन का मामला जोरो पर है तथा इससे केन नदी का अस्तित्व भी खतरे में पड़ता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन से जलीय जीवों को भी भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है साथ ही नदी के अस्तित्व को भी खतरा है। दूसरी तरफ अवैध बालू के ट्रक सड़कों पर फर्राटा मारकर दौड़ रहे हैं जिससे सड़कों की भी दुर्दशा हो रही है साथ ही ग्रामीण लोग भी इसके खिलाफ आवाज उठाते है लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। इस दौरान बांदा जिला प्रशासन एवं जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत और सांठ गांठ की बात भी कही गई जोकि अवैध खनन को रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठाने के बजाय उस पर अपना सहयोग देते हैं और बालू माफियाओं के हौसले बुलंद हो रहे हैं। गंगा समग्र कानपुर प्रांत बांदा इकाई के जिला संयोजक महेश प्रजापति का कहना है कि अब और हम नदियों की बदतर स्थिति को नहीं देख सकते इसलिए अब हम इस मुद्दे को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाएंगे साथ ही अगर आवश्यकता पड़ी तो यू0पी0 के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक बात पहुंचाई जाएगी। जिससे जिले के जिम्मेदारों को भी अपनी जिम्मेदारी का एहसास हो जाएगा। इस दौरान जिला संयोजक महेश प्रजापति ने कहा कि इस मामले को लेकर गौवंश भी भारी दिक्कतों का सामना कर रहा है, आए दिन जानवर पानी की तलाश में तालाबों, नहरों के पास जाते हैं जहां पर दलदल की स्थिति होने पर पानी के दलदल में डूबकर मर जाते हैं। इसलिए जिला प्रशासन को इस ओर भी ध्यान देने की आवश्यकता है और नदियों, तालाबों, नहरों में भी सुचारू रूप से पानी भरा होना चाहिए जिससे गौवंश पानी की अभाव में दम न तोड़े।

# अमरनाथ सेवा मंडल के तत्वाधान में नए राशन कलेक्शन सेंटर का हुआ उद्घाटन

शुक्लागंज-उन्नाव। रविवार को अमरनाथ सेवा मंडल के तत्वावधान में राजधानी मार्ग स्थित बिहारी मन्नीपुरम में एक नए राशन कलेक्शन सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर आचार्यों द्वारा हवन-पूजन किया गया, जिसके बाद सभी उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।

अमरनाथ सेवा मंडल के अध्यक्ष नितिन शर्मा ने बताया कि इस वर्ष बाबा अमरनाथ की पवित्र यात्रा 3 जुलाई से 9 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। मंडल द्वारा यात्रियों के भोजन, ठहरने और अन्य आवश्यक सुविधाओं का प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस सेवा के तहत पवित्र गुफा, शेषनाग, पंचतरिणी, बुराड़ी टॉप, बालटाल और जम्मू यात्री निवास पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। 7 जून को शुक्लागंज से राशन सामग्री अमरनाथ धाम के लिए रवाना होगी, जिससे यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को समय पर भोजन उपलब्ध कराया जा सके।

# तथागत ज्ञानस्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मातृ दिवस पर हुई कई प्रतियोगिताएं

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। रविार को मदर्स डे के मौके पर अतर्रा के तथागत ज्ञानस्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मातृ दिवस बड़े धूमधाम से अनोखे ढंग से मनाया गया। विद्यालय की तरफ से अलग अलग प्रोग्राम निर्धारित किए गए थे जिनमें बच्चों की माताओ ने बढ़ चढ़कर के भाग लिया जैसे नृत्य कार्यक्रम, कविता, नॉन फायर कुकिंग, मेहंदी आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सबसे पहले बच्चों की माताओ का रजिस्ट्रेशन किया गया इसके बाद कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए मंत्रमुग्ध करने वाला कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया विद्यालय की प्रधानाचार्या महोदया ने सभी माताओ का सम्मान किया और उन्होंने कहा कि मां जीवन की पहली शिक्षिका होती है। नान फायर कुकिंग में श्रीमती सीता प्रथम श्रीमती सीमा द्वितीय स्थान हासिल किया तथा वहीं आर्ट एंड क्राफ्ट में श्रीमती रंजना प्रथम स्थान तथा मंजूलिका द्वितीय स्थान प्राप्त किया । अलग-अलग कार्यक्रम में भाग लेने वाली माता को पुरस्कृत किया गया तथा स्पेशल पुरस्कार भी वितरण किया गया वही मेहंदी कंपटीशन में प्रथम पुरस्कार विजय श्री , द्वितीय पुरस्कार मिस संजू, तृतीय पुरस्कार शबाना बानो एवं गायत्री को मिला। पोयमप्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मिस रेनू द्वितीय मिस कविता तीसरा मिस अंजना एवं काउंसलेशन अमृता रहीं। डांस कंपटीशन में क्रमशः अन्नपूर्णा अनामिका अभिलाषा राखी एवं मिस राधिका ने प्राप्त किया। गायन कंपटीशन प्रथम पुरस्कार मिस चंचल द्वितीय क्रमशः प्रगति सेवा सीता एवं आरती ने प्राप्त किया। रैंप वॉक पर क्रमशः आराधना,नेहा,शालू एवं श्रद्धा विजेता रही। इस मौके पर हमारे विद्यालय की प्रधानाचार्या महोदया श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव एवं विद्यालय की मैनेजर डायरेक्टर मिस किरण कुशवाहा, श्रीमती राजाबाई एवं श्रीमती शरद सिन्हा मैम तथा विद्यालय की शिक्षिकांये उपस्थिति रही।

### दबंग पैरोंकार के परिवार से परेशान शिक्षक

**बांदा।** दबंग पैरोकार के परिवार से परेशान शिक्षक ने शुक्रवार को कोतवाली नगर बांदा में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि पीड़ित देवेंद्र त्रिपाठी पेशे से प्राइवेट शिक्षक है और बांदा विकास प्राधिकरण के अंतर्गत तुलसी नगर के फ्लैट नंबर 06 में ऊपर निवास करता है। गुरुवार को प्रेमबाबू द्विवेदी जो कि पुलिस विभाग में कार्यरत है। उनके द्वारा बालकनी में चढ़कर नल खोल दिया था जिससे पूरा पानी बह गया था। पीड़ित किसी तरह तैयार होकर विद्यालय चला गया और देर शाम ट्यूशन पढ़ाकर लौटा तो उक्त लोगों से नल खोल देने के बारे पूछा तो प्रेम बाबू द्विवेदी के तीनों लड़के पुत्रियाँ मां सहित पीड़ित के दरवाजे पर तोड़ फोड़ करने लगे जान मारने की धमकी दी और पीड़ित कि पत्नी से कहा कि तुम्हारे पति बच्चे को जान से मार देगे तब पीड़ित ने 112 पुलिस की सहायता ली, किसी तरह जान बची।

### करंट की चपेट में आकर युवक की दर्दनाक मौत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कमासिन/बांदा। स्थानीय कस्बे के राजापुर मार्ग पर थाने के पूर्व अखिलेश गुप्ता की किराने की बड़ीदुकान है। जिसमें बड़ा पुत्र रामू उर्फ आर्यन गुप्ता उम्र 30 वर्ष भी हाथ बटाता था रात को सड़क के उत्तर कल्याण यादव के मकान के ऊपर जाने के लिए लोहे का जीना लगा था। किसी कार्य बस रामू उस पार चला गया और लोहे के जीने में हाथ छू गया लोहे के जीने में करंट दौड़ रहा था जिसकी चपेट में आ जाने के कारण रामू गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पुलिस ने स्थानीय सीएचसी अस्पताल ले गई जहां डाक्टर ने देखते ही रामू को मृत घोषित कर दिया थाना अध्यक्ष सुभाष चंद्र वर्मा ने कागजी कार्रवाई करते हुए शवको परीक्षण हेतु बांदा भेज दिया है।रामू की अभी 2 साल पहले शादी हुई थी पत्नी सुकीर्ति जो गर्भवती बताई जा रही है के अलावा छोटे भाई सनी गुप्ता पिता अखिलेश बहन बबली तथा मां का रो-रो कर बुरा हाल है।

# वार्डों से लेकर जिला तक मजबूत संगठन खड़ा करेगी कांग्रेस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- अतर्रा में नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन

बांदा। रविवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष/पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान के तहत आज अतर्रा नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चन्द्र साहू की अध्यक्षता में नगर कांग्रेस कमेटी अतर्रा की संगठन सृजन अभियान की बैठक लक्ष्मी गेस्ट हाउस अतर्रा में आयोजित हुई। बैठक का संचालन करते हुए सूरज बाजपेई ने समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों को पार्टी के आगामी एक्शन प्लान को पढ़कर सुनाया। कांग्रेस पदाधिकारियों के विचार सुनने के बाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बांदा जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने अपने संबोधन में कहा अब हमें मिलकर वार्डों, नगरों व गांवों में बूथ स्तर पर नया जुझारू संगठन खड़ा करना होगा। हमें न्याय पंचायत कमेटियां, नगरों व ब्लाकों की कमेटियां, फ्रंटल संगठनों, प्रकोष्ठों की कमेटियों का पुनर्गठन जहां जरूरत होगी करना है। उन्होंने कहा हमारे सामने चुनौतियां हैं। बड़ी जिम्मेदारियां सौंपी गई है किंतु मुझे मेरे साथियों, मेरे कार्यकर्ताओं पर भरोसा है हम मिलकर काम पूरा करेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने आगे कहा हम चुनौतियों का सामना करेंगे और मिलकर संगठन का नया ढांचा तैयार करेंगे, जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने आगे कहा बांदा के हमारे कार्यकर्ता बहादुर हैं, हमें भरोसा है बूथों का नया ढांचा मिलकर खड़ा करेंगे, आगे पंचायतों के चुनाव की तैयारी भी करना है। यह महत्वपूर्ण दायित्व आपके कंधों पर है। पूर्व जिलाध्यक्ष साकेत बिहारी मिश्रा जी ने कहा कि राहुल गांधी जी की मंशा के अनुसार जिस वार्ड में हम रहते हैं उसका गठन हम स्वयं करेंगें व सभी कांग्रेस जनों से अनुरोध किया जो जिस वार्ड में रहता है वह अपना वार्ड गठन करने में पार्टी का सहयोग करें। सदस्य रमेश चन्द्र कोरी व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कल्लू राम जाटव ने कहा कि हम एक हफ्ते के अन्दर सभी वार्डों के गठन में नगर अध्यक्ष का सहयोग करेंगें। सभा के अन्त में रमेश चंद साहू अतर्रा नगर अध्यक्ष ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि ष्मैं जिला संगठन को विश्वास दिलाता हूं कि मैं समय से वार्डों का गठन पूरा करूंगा व निष्ठा पूर्वक कार्य करूंगा।संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम में सीमा खान महिला जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ नेता संकटा प्रसाद त्रिपाठी, पीसीसी पवन देवी कोरी व धर्मेश कुमार सिंह, सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, संजय द्विवेदी दनादन, उमाशंकर बाजपेई, कैलाश नाथ बाजपेई, बी लाल, बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, अशोक वर्धन कर्ण, शोएब रिजवी, गौरी शंकर गुप्ता, अविरल पांडेय, पुष्पेंद्र सिंह, रामसनेही गौतम, बबलू अवस्थी, जयप्रकाश सिंह, अम्बिका प्रसाद खेंगर, सुमेरा प्रसाद प्रजापति, बुद्ध विलास पांडे, जगदीश प्रसाद जाटव, भानू प्रताप सिंह, बाबूलाल जाटव, माता बदल सोनकर, मुन्नालाल गुप्ता, विनोद कुरील, वीरपाल नामदेव, सुशील कुमार सविता, बाबूलाल सिंह खंगार, जसवंत प्रजापति आदि प्रमुख कांग्रेस जनों ने भी अपने विचार रखे व उपस्थित रहे।


### ग्राम सतन्यांव में हुआ जलसे का आयोजन

बांदा। बीती रात सतन्यांव ग्राम में एक अज़ीमुश्शान जलसा ए सीरतुन्नबी सल्लल्लाहु अलैहि व आलिही वसल्लम का आयोजन किया गया। जिसमे मौलाना सैय्यद राशिद रब्बानी साहब ने अज़मते रसूल पर गुफ़्तगू करते हुए फ़रमाया कि पूरी कायनात में अल्लाह के बाद सबसे अज़ीम ज़ात अल्लाह के नबी की है। जिसने रसूल को राज़ी कर लिया उसने अल्लाह को राज़ी कर लिया। हज़रत मौलाना सैय्यद वाजिद रब्बानी साहब ने फ़रमाया कि मुसलमानों को चाहिए कि ग़ौसो ख़्वाजा का लंगर खाने के साथ साथ उनकी सीरत पर भी अमल करें। वहीं सैय्यद आदिल मसूदी ने अपने मख़्सूस अंदाज़ में खूबसूरत नातो मनक़्बत पेश किए। प्रोग्राम में आए सभी लोगों ने जलसे को खूब पसन्द किया। शोबा ए तबलीग और इत्तेहाद कमेटी के लोगों ने जलसे को सजाया। जलसे के बाद अमीर शोबा ए तब्लीग़ मौलाना सैय्यद आबिद रब्बानी की जानिब से जरूरतमदों को बैडशीट बांटी गई। जलसे में खुसूसी तौर पर हाफ़िज़ ग़ुलाम हुसैन, अब्दुर रहमान, शमीम अली, सलीम, छुट्टन आदि शामिल रहे।

# कथित पत्रकार द्वारा सार्वजनिक कुएं को पाट कर कब्जा किए जाने का हुआ पर्दाफाश

- कस्बा खीरी टाउन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गरजा बुलडोजर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कार्यालय जिलाधिकारी, लखीमपुर-खीरी।

(दुर्गा शक्ति नागपाल)
जिलाधिकारी, लखीमपुर-खीरी।

कुकरा खीरी। जनपद के कस्बा खीरी में तथाकथित पत्रकार द्वारा पत्रकारिता की आड़ में प्राचीन कुएं को पाट कर सार्वजनिक जमीन पर किए गए कब्जे के खिलाफ आज प्रशासन सख्त हो गया। एक्शन में आए प्रशासन ने एसडीएम सदर अश्वनी कुमार के नेतृत्व में आज राजस्व विभाग व नगर पंचायत और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंच कर उक्त भूमि की खुदाई कराई गई।प्रशासन द्वारा खुदाई के बाद दशकों से दबंगों द्वारा कुंए पर किया गया अवैध कब्जा सामने आ गया।कथित पत्रकार और उसके परिजनों द्वारा वर्षों से किए गए सार्वजनिक कुएं पर कब्जे पर एसडीएम ने तथाकथित पत्रकार और उसके परिजनों की जमकर फटकार लगाई। सदर एसडीएम अश्वनी कुमार की मौजूदगी में सार्वजनिक भूमि पर निशान लगा कर किया उसे संरक्षित किया गया। एसडीएम अश्वनी कुमार ने सार्वजनिक कुएं और उसकी भूमि पर दोबारा कब्जा न करने की सख्त हिदायत दी। आपको बता दें कस्बा खीरी के मोहल्ला तबेला व सैयदवाडा स्थित मुमताज आदि द्वारा सार्वजनिक गुरखेत की जमीन और कुएं पर दशकों से अवैध कब्जा जमाए हुए थे। और धीरे-धीरे सार्वजनिक जमीन पर अपने भवन का निर्माण कर रहे थे। इसकी शिकायत मोहल्ले के लोगों ने जब जिला प्रशासन से किया तो मुमताज के पुत्र तथा कथित पत्रकार मो अशरफ आसिफ अंसारी पत्रकारिता के आड़ में लोगों पर रोब जमाता था। इस मामले में मोहल्ले वालों ने नगर पंचायत से लेकर जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री से शिकायत की थी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के आदेश पर इन शिकायतों पर हुई जांच के दौरान उक्त भूमि पर अवैध अतिक्रमण साबित हुआ था। इसी पर कार्रवाई करते हुए आज एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह के नेतृत्व में आई टीम ने अवैध अतिक्रमण साफ कर कर सार्वजनिक भूमि का चिन्हीकरण कराया। सार्वजनिक भूमि दबंग के कब्जे से खाली किए जाने से मोहल्ले के लोगों में खुशी का माहौल है एक बार फिर सार्वजनिक भूमि पर कब्जेदारों के खिलाफ चले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस बुलडोजर की चर्चा पूरे कस्बे में होती दिखाई दे रही है।





## खीरी टाउन अवैध कब्जेदारों के खिलाफ प्रशासन कार्रवाई की कर रहा है तैयारी

वर्षों से सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा जमा लोगों के खिलाफ शिकायतों के बाद कब्जा साबित हो जाने पर प्रशासन अब अवैध कबजेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहे हैं। देखना है दशकों से कब्जा जमाए उक्त दबंगो के खिलाफ प्रशासन क्या कार्रवाई करता है।

---

खीरी टाउन प्रशासन द्वारा दबंग से सार्वजनिक भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने के दौरान जिला प्रशासन ने उक्त दबंगों द्वारा किए गए अवैध भवन निर्माण सहित किए गई तमाम अनियमितताओं पर भी चाबुक चलाने की तैयारी कर रहा है।

# सियाराम निवास मंदिर में श्री राम किशोर त्यागी जी महाराज की 13वीं पुण्यतिथि पर हुआ भव्य आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

रामनगरी अयोध्या के सियाराम निवास मंदिर गोला बाजार में रविवार को श्री श्री 1008 श्री राम किशोर त्यागी जी महाराज की 13वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन हुआ। मंदिर के महंत श्री रामदास त्यागी ने बताया कि पुण्यतिथि समारोह में अयोध्या से पधारे विशिष्ट साधु-संत और महंतों ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया । उन्होंने महाराज श्री के आध्यात्मिक जीवन, समाजसेवा और धर्मप्रसार में दिए गए योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और महाराज जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। अंत में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया।

# रोटिहा गांव में आयोजित हुआ निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

धौरहरा खीरी। विकास खंड ईसानगर के अंतर्गत रोटिहा गांव में शनिवार सुबह 10 बजे एक निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश सचान के निर्देशन में डॉ. प्रदीप कुमार द्वारा संचालित किया गया। शिविर के दौरान समाजसेवी बृजेन्द्र भार्गव की उपस्थिति में गांव के 26 पशुपालकों के कुल 86 पशुओं की जांच की गई और उन्हें आवश्यक दवाएं निशुल्क वितरित की गईं। इस अवसर पर पशु चिकित्सा विभाग से महादेव प्रसाद, मैत्री धर्मेंद्र कुमार, ओम प्रकाश और राम नरेश भी मौजूद रहे। पशुपालकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से उन्हें काफी लाभ होता है, और उन्होंने भविष्य में भी नियमित रूप से ऐसे आयोजनों की मांग की।

# कोर्ट के आदेश पर भी भीरा पुलिस ने नहीं दर्ज की एफआईआर

- 10 दिन बाद भी नहीं की कार्रवाई,एसओ भीरा से 12 मई को रिपोर्ट भेजने का निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




कुकरा खीरी। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कुकरा के पत्रकार बरकत अली अंसारी के आवेदन को संज्ञान लेते हुए थाना-भीरा के मुस्तफ़ा पुत्र गफूर,जाहिद अली पुत्र गफूर, तौकीर अली पुत्र जाहिद अली निवासी मुड़िया हेम सिंह, रमपुरवा मजरा दरियाबाद के विरुद्ध रिपोर्ट - दर्ज कर विवेचना करने और रिपोर्ट - की प्रति आदेश के पांच दिन में पेश - करने के आदेश दिए थे। किंतु 10 - दिन बीतने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। न्यायालय - ने मामले की गंभीरता को देखते हुए -पत्रकार बरकत अली अंसारी के प्रार्थनापत्र - पर 12 मई को प्रगति आख्या पेश करने के निर्देश दिये हैं। कसबा कुकरा के बरकत अली अंसारी पुत्र मखदूम अंसारी ने कोर्ट में दाखिल किए प्रार्थनापत्र में कहा है कि उनकी बहन साबरुन का निकाह 52 - वर्ष पूर्व मुस्तफा पुत्र गफूर निवासी - मुड़िया हेम सिंह वारिदहाल गांव रमपुरवा मजरा दरियाबाद के साथ - हुआ था,जो अब तक निःसंतान है। - साबरुन का हक मारने के उद्देश्य से - मुस्तफ़ा और उसके सगे भाई जाहिद अली एवं जाहिद अली के पुत्र तौकीर अली ने धोखाधड़ी, जालसाजी करकुकरा के बरकत अली अंसारी के आवेदन का लिया संज्ञान। साबरुन के पति मुस्तफा के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज कृषि योग्य भूमि को हड़पने के उद्देश्य से जाली राशनकार्ड में जाहिद अली के पुत्र तौकीर अली को मुस्तफा का पुत्र दर्शाया। साबरुन का हक मारने के उद्देश्य से मुस्तफा ने अपने सगे भाई जाहिद अली के पुत्र तौकीर अली के नाम बैनामा कर दिया। साथ ही 10 अगस्त 2019 को उसे मारपीट कर घर से भगा दिया, तबसे वह अपने भाई के पास कुकरा में रह रही हैं। साबरुन ने भरण पोषण के लिये गुजारा भत्ता एवं घरेलू हिंसा का वाद न्यायालय में दायर किया, जिसमें जालसाज मुस्तफा ने साबरुन को अपनी पत्नी न मानते हुए अपना विवाह गांव अमेठी के मजरा बिलहरी की जैतून के साथ दर्शाते हुए और उसकी पांच वर्ष पूर्व मृत्यु हो जाने की न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत की। जालसाजों ने जिंदा साबरुन के भाई,भतीजों पर हत्या करने की झूठी साजिश रची।

दो माह बाद भी पुलिस आरोपी को नहीं कर सकी गिरफ्तारः मुस्तफा ने बरकत अली अंसारी के विरुद्ध कोर्ट में 156/3 के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर कहा कि 50 वर्ष पूर्व बरकत अली की बहन साबरुन के साथ निकाह हुआ था, जिसे पांच वर्ष पूर्व बरकत अली,सलमान,रिजवान घर आए और पत्नी की सम्पति हड़पने की नियत

पीड़िता के पिता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर की कार्रवाई की मांग से मारकर गायब कर दिया, जबकि साबरुन अभी भी जिंदा हैं। उसने उच्चाधिकारियों को कई प्रार्थना पत्र दिये किन्तु कोई कार्रवाई नही हुई,जिससे जालसाजों के हौसले बुलंद हो गये। मामले में अभिलेखीय आधार पर कोर्ट ने भीरा पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे।

# संक्षिप्त समाचार

## वैवहा से पकड़े गए शावक को बाघिन के द्वारा दौड़ाने की चर्चा

**अजान खीरी।** मैगलगंज वन रेंज के ग्राम वैवहा के पास से खाबर लगाकर पकड़े गए बाघिन के शावक को लेकर बड़ा ही रहस्य और कथित तौर पर विभागीय चूक का मामला चर्चा में है। ऐसे में पकड़ा गया शावक इमलिया अजान से पकड़ी गई डर का पर्याय बनी बाघिन का न होने का मामला माना जा रहा है। दरअसल इमलिया अजान इलाके में दो लोगों को निवाला बनाकर एक साल से डर का पर्याय बनी बाघिन को पकड़े जाने के बाद उससे बिछड़े शावक को पकड़ने का अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा था। एक हफ्ते बाद एक नर शावक वैवहा के पास मिला। जिसको पड़कर दावा किया गया था। कि यह शावक इमलिया अजान इलाके की बाघिन का है।फिलहाल के तौर पर उसे महेशपुर के जंगल मे सुरक्षित स्थान पर रखा गया। कई दिनों की इंतजार के बाद उसको आजाद करने के लिए महाराजगंज के सुहागी बरुआ वन्य जीव प्रभाग में छोड़े जाने का निर्णय लिया गया। इस निर्णय के बाद माना गया कि मां से बिछड़ा शावक अपने कुनबे में पहुंच जाएगा। बाघिन को छोड़े जाने बाले स्थान पर शावक को भी छोड़ा गया। लेकिन सूत्र बताते हैं कि उस शावक को छोड़े जाने के बाद कुछ ही दूर पर मौजूद बाघिन ने जिस प्रकार शावक को दौड़ा लिया उससे अनुमान लगाया जा रहा है कि वह पकड़कर भेजा गया शावक किसी अन्य दूसरी बाघिन का हो सकता है। जिसका परमीशन भी नहीं था।न ही तो वह खूंखार था। क्योंकि इस शावक की उम्र करीब 9 से 10 महीने के आसपास मानी जा रही है। जबकि बाघिन से बिछड़े शावक की उम्र छह माह के करीब बताई गई थी। जिसको लेकर विभाग में मंथन शुरू होने की चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## नीमगांव थाना क्षेत्र के बिलहरी गांव में अज्ञात चोरों ने मिठाई व पान के खोखें को बनाया निशाना

**नीमगांव खीरी।** आपको बताते चले की नीमगांव थाना क्षेत्र के सिकंदराबाद कस्बे में विगत दिवस पहले नमकीन व्यवसाई की पिकप वाहन की खुली खिड़की के शीशे खुले होने के कारण किसी अज्ञात नवयुवक उचक्के ने रूपये से भरी बैंग पार कर दी, बिलहरी कस्बे में चौराहे पर चोरों ने पान के खोखे का ताला तोड़कर बीड़ी,सिगरेट व गुटके आदि सामान चोरी कर लिया,पान के खोखे में रखी 500 सौ रुपए की चोरी से पुलिस की गश्त पर सवाल खड़े हो गए हैं,क्योंकि गोला टू कस्ता रोड पर ज्यादातर पुलिस बल मुश्तैद रहता है,पुलिस ने खोखा स्वामी की तहरीर मिलने पर चोरी के मामले की जांच शुरू कर दी है,वहीं बिलहरी चौराहे पर पुष्पेंद की मिठाई की दुकान है जिसकी दुकान में रखी करीब 15 किलों मिठाई पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। चौकी प्रभारी सिकंदराबाद अशीष सेरावत ने बताया की मामला की जानकारी हुई थी,पर अभी तक कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं मिली है।

## पेट्रोल पंप पर युवकों ने किया हंगामा, 3 आरोपी हिरासत में

**अयोध्या।** अयोध्या-रायबरेली नेशनल हाईवे पर मीठे गांव के पास स्थित महाशय फिलिंग स्टेशन पर रविवार दोपहर युवकों के एक समूह ने जमकर हंगामा और मारपीट की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ युवक हॉकी और फावड़े जैसे हथियारों से लैस नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि हंगामे के दौरान एक बाइक सवार युवक को धक्का देकर गिरा दिया गया, जबकि एक अन्य व्यक्ति ने फावड़े से हमला करने की कोशिश की। वीडियो में एक युवक, जो काली पैंट और शर्ट पहने था, को भीड़ द्वारा थप्पड़ों से पीटते हुए देखा गया। यह हंगामा करीब 6 मिनट तक चला और दो वीडियो में कैद हुआ। पहला वीडियो 1 मिनट 21 सेकंड का है, जबकि दूसरा 4 मिनट 1 सेकंड का है। इस दौरान पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने आए लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, हंगामा इतना भयावह था कि पेट्रोल पंप पर मौजूद कर्मचारी और ग्राहक डर के मारे इधर-उधर भागने लगे। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली इनायत नगर की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक कई आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। कोतवाली इनायत नगर के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पाण्डेय ने बताया कि मारपीट की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस वायरल वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहन जांच कर रही है। हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ के बाद अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी की कोशिश की जा रही है। यह घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने लोगों का ध्यान खींचा है, और कई लोग इस तरह की हिंसक घटनाओं पर चिंता जता रहे हैं। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## तापमान बढ़कर 40 डिग्री पहुंचा, गर्मी बढ़ने से लोग परेशान

**अयोध्या।** अयोध्या में उमस भरी गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। रविवार को मिल्कीपुर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह से ही उमस के कारण लोग घरों में रहने को मजबूर रहे। दोपहर बाद अमानीगंज, मिल्कीपुर, कुमारगंज, हैरिंग्टनगंज, सैदपुर, मवई और रुदौली सहित कई क्षेत्रों में बादल छाए और हल्की रिमझिम बारिश हुई। हालांकि, यह राहत महज आधे घंटे तक रही, जिसके बाद तेज धूप ने फिर से परेशानी बढ़ा दी। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज के मौसम वैज्ञानिक डॉ. सीताराम मिश्रा के अनुसार, न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 87 प्रतिशत और न्यूनतम 51 प्रतिशत दर्ज की गई। हवा उत्तरी-पश्चिमी दिशा से 5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। शनिवार को 12.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, अगले 24 घंटों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी की संभावना है। हवा पश्चिमी दिशा से सामान्य गति से चलेगी। औसत तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है।

## रेलवे ट्रैक के पास मिला अज्ञात युवक का शव

**अयोध्या।** रुदौली कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-अयोध्या रेल प्रखंड पर एक संदिग्ध मामला सामने आया है। जसमड़ गांव के पास रेलवे ट्रैक की झाड़ियों में एक 22 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला है। रविवार सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों ने शव को देखा। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई।

# सिपाही ने युवती से किया रेप, शादी का वादा कर बनाए संबंध, एफआईआर के बाद भी नहीं पकड़ा गया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अयोध्या। अयोध्या में सिपाही पर युवती ने शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने सिपाही के खिलाफ एफआईआर कर ली है। लेकिन, अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पीड़िता ने बताया कि वह 2021 में रामलला के दर्शन करने के लिए अयोध्या आई थी। टेढ़ी बाजार स्थित राठौर विला हॉस्टल में रहने वाली अपनी सहेली के साथ कुछ समय के लिए रुकी थी। इसी दौरान उसकी पहचान सिपाही रितेश तिवारी से हुई। जो राम जन्मभूमि थाने में तैनात था। रितेश ने पहले दोस्ती की, फिर मोबाइल पर बातचीत शुरू की। धीरे-धीरे नजदीकियां बढ़ती गईं। पीड़िता का आरोप है कि रितेश तिवारी ने शादी का वादा कर संबंध बनाए। फिर 2022 से लगातार संबंध बनाता रहा। जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने 3 जनवरी 2025 को महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस रिपोर्ट में सिपाही के खिलाफ गंभीर धाराएं लगाई गई हैं। लेकिन, आरोपी अब तक फरार है। पीड़िता ने 6 मई को अयोध्या रेंज के आईजी को भी गिरफ्तारी के लिए प्रार्थना पत्र दिया। आरोपी सिपाही मूल रूप से कानपुर का निवासी है। पीड़िता का कहना है कि उसे न्याय नहीं मिल रहा। पुलिस आरोपी को संरक्षण दे रही है। अब पीड़िता मानवाधिकार आयोग और महिला आयोग तक जाने की तैयारी में है। पुलिस अधिकारियों में मामले में जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# नम्बर लिखी लाल-नीली खूंटियां बनी रहस्य,किसानों में बेचैनी





राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। किसानों के खेतों में बिना किसी सूचना के नम्बर लिखी दो फिट ऊंची लाल व नीली रंग की खूंटियां किसानों को चिंता में डाल रखा है,गांवों के किनारे से बनी एक लाइन सी प्रतीत होने वाले यह निशान खानपुर, सकेथू, टेड़वा, सेमरई,शेरपुर, कोरैया, कंधरापुर होते हुए पूरब से पश्चिम को जाती हुई दिखती है।ये खूंटियां एक लाइन में हैं इनकी आपस में दूरी करीब पांच-छः मीटर है,इनके पास चूने का गोला भी बनाया है।किसानों ने अपने खेतों में लगी इन खूटियों को देखकर बेचैन होकर अधिकारियों से जानकारी लेनी चाहीं, प्रशासनिक अधिकारियों को भी इसकी कोई जानकारी नहीं है।वहीं किसानों में बिना किसी जानकारी के खूंटी लगाने से नाराजगी है।, और तरह-तरह की चर्चा होरही है।किसानों में किसान नेता अंजनी कुमार दीक्षित,रितेश मिश्र,अनिरुद्ध मिश्र, राजीव मिश्र,महेन्द्र बाजपेई, विजय तिवारी,अच्युतम मिश्र, आदर्श कुमार सहित कई किसान मौजूद रहे।

# नवजात की मौत,नर्स पर लापरवाही का आरोप

अयोध्या। जिले के मिल्कीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ नर्स की लापरवाही के कारण एक नवजात शिशु की मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना 25 अप्रैल 2025 की है, जब घूरेहटा पूरे शेखपुरा गांव के निवासी रिंकू अपनी पत्नी किस्मत को प्रसव के लिए अस्पताल लेकर आए थे। पीड़ित परिवार ने स्टाफ नर्स सुमनलता पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए नर्स का तबादला कर दिया है। रिंकू ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपी शिकायत में बताया कि स्टाफ नर्स सुमनलता ने उनकी पत्नी का प्रसव कराया। प्रसव के दौरान सुमनलता ने बच्चेदानी में कपड़ा भरकर टांका लगा दिया, जिससे किस्मत को असहनीय पीड़ा होने लगी। हालत बिगड़ने पर नर्स ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिवार ने दर्द के कारण एक निजी अस्पताल में इलाज कराया, जहां डॉक्टरों ने बच्चेदानी से कपड़ा निकाला। रिंकू ने आरोप लगाया कि नर्स की लापरवाही के कारण नवजात के मुंह में गंदा पानी चला गया, जिससे बच्चे की मौत हो गई। इसके अलावा, नर्स ने प्रसव के लिए 5,000 रुपये भी वसूले। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार बालियान ने त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि सुमनलता के खिलाफ पहले भी कई शिकायतें मिली थीं। जांच के बाद उनका तबादला सीएचसी मिल्कीपुर से 50 शैय्या देवगांव चिकित्सालय में कर दिया गया है। परिजनों ने नर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई और न्याय की मांग की है। उधर, स्वास्थ्य विभाग ने जांच का भरोसा दिलाया है, लेकिन परिवार का कहना है कि उनके नुकसान की भरपाई संभव नहीं है।

# धौरहरा कस्बे में धड़ल्ले से दौड़ रही अवैध मिट्टी खनन ट्रालियां, जिम्मेदार बेखबर

- खनन आकाओ को जिम्मेदारों से मिला है अभयदान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



धौरहरा खीरी। कस्बा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध मिट्टी खनन का कारोबार खुलेआम जारी है। स्थानीय प्रशासन और खनन विभाग की चुप्पी, और कथित मिलीभगत के चलते खनन माफियाओं को मानो अभयदान मिल चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फर्जी कागजातो के आधार पर उपजाऊ खेतों से मिट्टी की खुदाई है जारी । राजस्व विभाग की शह और पुलिस तक पहुंचने वाले 'हिस्से' के चलते ट्रैक्टर-ट्रॉलियां हाईवे से लेकर कस्बे के भीतर तक बिना रोकटोक दौड़ रहे हैं। किसानों का कहना है कि- आर्थिक मजबूरी के चलते वे अपनी उपजाऊ जमीने की मिट्टी खनन के लिए दे देते हैं, जिससे भूमि धीरे-धीरे तालाब में बदलती जा रही है। वहीं बरसात में आसपास के खेतों से थोड़ी-बहुत मिट्टी बहकर भराव हो जाता है, जिससे अस्थायी समाधान मिल जाता है, परंतु उत्पादन घट जाता जिसके चलते बच्चे दूसरे प्रदेशों में नौकरी करने को मजबूर होते हैं। सूत्रों की मानें तो - कई विभागों द्वारा खनन से अवैध वसूली के दम पर धंधा फल फूल रहा है। स्थानीय जनता ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाने और दोषी अधिकारियों व माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल, जिला खनन विभाग की निष्क्रियता के चलते यह अवैध कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। यह लेख धौरहरा कस्बे में अवैध मिट्टी खनन की गंभीर स्थिति को उजागर करता है, जहाँ कानून व्यवस्था और सरकारी तंत्र की निष्क्रियता से खनन माफियाओं को खुली छूट मिल चुकी है।

## मुख्य बिंदु

अवैध खनन का बोलबालाः प्रधानमंत्री आवास योजना की वजह से निर्माण सामग्री की मांग बढ़ी है, जिसका फायदा उठाकर मिट्टी माफिया खेतों से धड़ल्ले से मिट्टी निकाल रहे हैं।

प्रशासन की मिलीभगतः फर्जी दस्तावेजों के सहारे खनन किया जा रहा है, और इसमें राजस्व व पुलिस विभाग के कुछ लोग भी संलिप्त बताए जा रहे हैं।

किसानों की मजबूरी आर्थिक तंगी के चलते किसान अपनी उपजाऊ जमीनें खनन के लिए दे रहे हैं, जिससे जमीन तालाब में तब्दील हो रही है और कृषि पर बुरा असर पड़ रहा है।

भारी नुकसानः इससे न सिर्फ पर्यावरण और उपजाऊ भूमि को नुकसान हो रहा है, बल्कि सरकारी राजस्व की भी चोरी हो रही है।

स्थानीय आक्रोशः नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध खनन रोका जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो।

यह मुद्दा सिर्फ कानून व्यवस्था का ही नहीं, बल्कि कृषि, पर्यावरण और सामाजिक न्याय का भी है। प्रशासन को तत्काल सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है।

# दीपिका, सालुंखे ने कांस्य पदक जीता तीरंदाजी विश्व कप में भारत को सात पदक

एजेंसी



शंघाई। भारत की सबसे सफल तीरंदाज दीपिका कुमारी सेमीफाइनल में मिली हार के बाद शानदार वापसी करते हुए रविवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण दो की रिकर्व स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपना सम्मान बचाने में सफल रही जबकि पार्थ सालुंखे ने पहली बार पोडियम पर जगह बनायी। भारत का अभियान इस तरह से सात पदकों के साथ खत्म हुआ। कम्पाउंड तीरंदाजों ने इससे पहले शनिवार को दो स्वर्ण के साथ पांच पदक जीतकर दबदबा कायम किया था। इसमें तीन पदक में मधुरा धामनगंकर का योगदान रहा। उन्होंने व्यक्तिगत स्वर्ण के साथ महिला और मिश्रित टीम में पदक जीत कर तीन साल बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी का जश्न मनाया। दीपिका को अंतिम चार मैच में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी लिम सिहियोन ने महिला रिकर्व व्यक्तिगत मुकाबले में 7-1 के अंतर से हराया। इस 21 साल की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन ने पिछले साल येचियोन विश्व कप में भी भारतीय तीरंदाज को अंतिम चार में शिकस्त दी थी। भारत की 30 साल की तीरंदाज ने हालांकि सेमीफाइनल की निराशा को पीछे छोड़ते हुए कांस्य पदक के मैच में कोरिया की एक अन्य खिलाड़ी कंग चेन योंग के खिलाफ 7-3 की जीत के साथ पोडियम पर अपनी जगह पक्की की। दीपिका ने सेमीफाइनल में हार का सामना करने के बाद कांस्य पदक के मैच में अधिक धैर्य और रणनीतिक स्पष्टता दिखाई। पहला सेट 27-27 से बराबरी पर समाप्त हुआ, लेकिन दीपिका ने दूसरे सेट में 28 अंक बनाकर 3-1 की बढ़त बना ली। पूर्व विश्व चैंपियन कंग ने हालांकि वापसी करते हुए दीपिका के 27 के मुकाबले 30 अंक के साथ स्कोर को 3-3 से बराबर कर दिया। चार बार ओलंपिक खेल चुकी दीपिका ने अनुभव का शानदार इस्तेमाल करते हुए तीनों निशाना 10 अंक पर साध कर 5-3 की बढ़त कायम की। उन्होंने इसके बाद कंग के 28 के मुकाबले 29 अंक जुटाते हुए अपनी जीत पक्की कर ली। पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में क्वालीफाइंग में 60वें स्थान पर रहने वाले पार्थ सालुंखे ने कांस्य पदक जीतकर देश का सातवां पदक पक्का किया। इस 21 साल के खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में कोरिया के दिग्गज किम वूजिन से हार के बाद शानदार वापसी करते हुए उच्च वरीयता प्राप्त फ्रांस के तीरंदाज बैपटिस्ट एडिस को पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में 6-4 से हराकर अपना पहला विश्व कप पदक जीता।

# टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने वाले बॉब काउपर का निधन

एजेंसी



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर टेस्ट क्रिकेट में पहला तिहरा शतक जड़ने वाले बॉब काउपर का 84 वर्ष की आयु में अज्ञात बीमारी के कारण निधन हो गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यह जानकारी दी। वह 84 साल के थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि काउपर के परिवार में उनकी पत्नी डेल तथा बेटियां ओलिविया और सेरा हैं। काउपर ने 1964 से 1968 के बीच ऑस्ट्रेलिया के लिए 27 टेस्ट मैच खेले थे। उन्होंने पांच शतक और 46.84 की औसत से 2,061 रन बनाए। उन्होंने कामचलाऊ ऑफ स्पिन से 36 विकेट भी लिए हैं। इस बायें हाथ के बल्लेबाज को स्ट्रोक लगाने की शानदार क्षमता के साथ संयमित बल्लेबाजी करने के लिए भी जाना जाता था। उन्होंने अपनी सबसे यादगार पारी फरवरी 1966 में मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ खेली थी। उन्होंने लगभग 12 घंटे की मैराथन पारी में 589 गेंद में 307 रन बनाये थे। यह ऑस्ट्रेलिया की धरती पर टेस्ट में पहला और 20वीं सदी का इकलौता तिहरा शतक था। घरेलू मैदान पर काउपर का रिकॉर्ड और भी दमदार था जहां उन्होंने 75.78 की औसत से रन बनाये थे। वह महान डॉन ब्रैडमैन के बाद घरेलू सरजमीं पर सबसे ज्यादा टेस्ट औसत वाले बल्लेबाज है। उन्होंने 1968 में खेल को अलविदा कह दिया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चेयरमैन माइक बेयर्ड ने कहा, ''बॉब काउपर के निधन की खबर सुनकर हमें गहरा दुख हुआ है। वह ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में एक बेहद सम्मानित व्यक्ति थे। उन्होंने कहा, ''बॉब एक शानदार बल्लेबाज थे, जिन्हें एमसीजी में उनके प्रसिद्ध तिहरे शतक के साथ-साथ 1960 के दशक की ऑस्ट्रेलिया और विक्टोरिया (राज्य) टीमों में उनके मजबूत प्रभाव के लिए हमेशा याद किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कार्तिकेयन, राउत एशियाई ब्लिट्ज शतरंज में चौथे स्थान पर रहे

**अल ऐन (यूएई)।** ग्रैंडमास्टर मुरली कार्तिकेयन एशियाई व्यक्तिगत ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहे, जबकि पद्मिनी राउत महिला वर्ग में इसे परिणाम को दोहराते हुए शीर्ष भारतीय खिलाड़ी बनकर उभरीं। रूस के 15 साल के ग्रैंडमास्टर इवान जेमल्यान्स्कीया ने ओपन वर्ग का खिताब जीता। वह हालांकि इस टूर्नामेंट में फिडे के झंडे तले खेल रहे थे। उन्होंने नौ में से आठ अंक हासिल किये। ईरान के 15 साल के सिना मोहवेद 7.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। रूस के रुडिक मकरियन, कार्तिकेय और भारत के नीलाश साहा के नाम सात-सात अंक थे लेकिन मकरियान ने बेहतर टाईब्रेक स्कोर के बूते तीसरा जबकि कार्तिकेय ने चौथा और साहा ने पांचवां स्थान हासिल किया। पूर्व ब्लिट्ज विश्व चैंपियन अलेक्जेंडर ग्रिसचुक और उनकी पत्नी तथा साथी ग्रैंडमास्टर कैटरीना लैगनो को क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता मिली थी। यह दोनों खिलाड़ी हालांकि अपने-अपने वर्गों में पोडियम स्थान (शीर्ष तीन में स्थान) हासिल करने में विफल रहे। खेल के इस तेज प्रारूप में बेहतर खिलाड़ी माना जाने वाले ग्रैंड मास्टर निहाल सरीन इस स्पर्धा में भाग नहीं लेने का फैसला किया। कजाकिस्तान की अलुआ नूरमन ने 7.5 अंकों के साथ रूस की वेलेंटिना गुनिना को पछाड़कर महिला वर्ग की चैंपियन बनी। चीन की युक्सिन सोंग ने बेहतर ट्राईब्रेक स्कोर के दम पर पद्मिनी से आगे रहते हुए तीसरा स्थान हासिल किया।

### हालैंड की वापसी के बावजूद मैनचेस्टर सिटी को कमजोर साउथेम्प्टन ने बराबरी पर रोका

**लंदन।** एरलिंग हालैंड की लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी भी मैनचेस्टर सिटी को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीए) में जीत दिलाने में विफल रही जहां पहले ही रेलीगेट (निचली लीग में खिसकना) हो चुकी साउथेम्प्टन ने उसे गोलरहित बराबरी पर रोक दिया। इस परिणाम के बाद मैनचेस्टर सिटी के लिए चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करना भी अधर में लटक गया। टीम पिछले कई सत्रों से आसानी से चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई कर ले रही थी लेकिन अब उसे अपने बचे हुए दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने के साथ अन्य मैचों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। सिटी की टीम 36 मैचों में 65 अंक के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर है जबकि दूसरे स्थान पर काबिज आर्सेनल के नाम 35 मैचों में 67 अंक है। खिताब पक्का कर चुकी लीवरपूल 82 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। दूसरे और सातवें स्थान की टीमों के बीच छह अंक का फासला है ऐसे इन सभी टीमों के पास चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने का मौका होगा। इस ड्रा मुकाबले से साउथेम्प्टन की टीम एक निराशाजनक रिकॉर्ड को अपने नाम करने से बच गयी। साउथेम्प्टन के नाम अब 36 मैचों में 12 अंक हो गये जबकि ईपीएल में सबसे कम अंक का रिकॉर्ड 2007-08 में डर्बी काउंटी के नाम है जिससे महज 11 अंक हासिल किये थे। अन्य मैचों में एस्टन विला ने ओली वाटकिंस के पहले हाफ में किये गोल की बदौलत बोर्नमाउथ 1-0 से हराया।

### सिनर ने डोपिंग प्रतिबंध के बाद इटालियन ओपन में घरेलू दर्शकों के सामने जीत दर्ज की

**रोम।** तीन महीने का डोपिंग प्रतिबंध पूरा करके लगभग 100 दिनों के बाद अपना पहला मुकाबला खेल रहे यानिस सिनर ने इटालियन ओपन टेनिस के पहले दौर में मारियानो नवोन को हराकर शानदार वापसी की। सिनर ने घरेलू सरजमीं पर लगभग 10,500 दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में विश्व रैंकिंग में 99वें स्थान पर काबिज नवोन को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया। सिनर का यह जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के बाद से पहला मैच था। उन्होंने कहा कि उन्हें खेले में वापसी का बेसब्री से इंतजार था। सिनर ने कहा, '' अद्भुत एहसास। मैंने इस पल का बहुत लंबे समय से इंतजार किया था। सिनर के खेल को देख कर लगा ही नहीं कि वह तीन महीने से अधिक समय तक कोर्ट से दूर थे। उन्होंने शुरुआती सेट में अपने शानदार फोरहैंड और लाइन के करीब वाले ग्राउंड स्ट्रोक से नवोन पर दबदबा कायम करते हुए 3-1 की बढ़त बना ली। सिनक की यह लगातार 22वीं जीत है। वह पिछले साल अक्टूबर से अजेय है। सिनर ने फरवरी में विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के साथ एक समझौते में तीन महीने के प्रतिबंध पर सहमति व्यक्त की। वह इससे एक भी ग्रैंड स्लैम खेलने से नहीं चूके और उन्हें अपने घरेलू टूर्नामेंट में वापसी का मौका मिल गया। कई दिग्गज खिलाड़ियों ने इस फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि सिनर के साथ बहुत हल्का व्यवहार किया गया। सिनर के सामने अब विश्व रैंकिंग में 93 वें स्थान पर काबिज नीदरलैंड के क्वालीफायर जेसपर डे जोंग की चुनौती होगी। जोंग ने 25वीं वरीयता प्राप्त पर काबिज एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-0, 6-2 से हराया। महिला वर्ग में तीन बार की चैंपियन इगा स्वियातेक को डेनियल कोलिंस ने 6-1, 7-5 से हराकर उलटफ़ेर किया।

### इन्फो एज को स्टार्टअप कंपनियों में निवेश पर 36 प्रतिशत का रिटर्न मिला

**नयी दिल्ली।** नौकरी मंच नौकरी डॉट कॉम की मूल कंपनी इन्फो एज को इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) से लेकर पॉलिसी बाजार तक भारतीय स्टार्टअप कंपनियों पर लगाए गए दीर्घकालिक दांव से लगभग 10 गुना का जबर्दस्त रिटर्न मिला है। इन्फो एज ने बीते वित्त वर्ष के लिए शेयरधारकों को लिखे पत्र में बताया कि उसका अनुमानित सकल आंतरिक रिटर्न 36 प्रतिशत है। संजीव बिखचंदानी की अगुवाई वाली इस कंपनी ने पिछले डेढ़ दशक में विभिन्न मंच पर कुल 3,959.16 करोड़ रुपये की पूंजी निवेश की है। इस निवेश का आज की तारीख में उचित बाजार मूल्य (एफएमवी) 36,855 करोड़ रुपये पर है। बिखचंदानी को भारत का वॉरेन बफ़े कहा जाता है। कंपनी के संस्थापक और वाइस चेयरमैन संजीव बिखचंदानी ने पत्र में कहा, साल 2007 में जब से हमने अपनी वित्तीय निवेश गतिविधियां शुरू की हैं, तब से हमने कुल मिलाकर अनुमानित 36 प्रतिशत का सकल आईआरआर हासिल किया है।

## घरेलू मैदान पर मुलर के आखिरी मैच में जीत के साथ बायर्न म्यूनिख ने बुंडेसलीगा खिताब का जश्न मनाया

बर्लिन। दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी थॉमस मुलर के घरेलू मैदान पर आखिरी मैच में बोरूसिया मोनचेंग्लादबाक पर 2-0 की जीत के साथ बायर्न म्यूनिख ने बुंडेसलीगा (जर्मनी की शीर्ष घरेलू लीग) खिताब का जश्न मनाया। बायर्न के कप्तान मैनुअल नेउर ने ट्रॉफी उठाने के बाद उसे जर्मनी के दिग्गज खिलाड़ी मुलर को थमा दिया। मुलर ने टॉफी की ऊपर उठाकर जश्न मनाया। बायर्न म्यूनिख के घरेलू मैदान पर जब इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन ने इस ट्रॉफी को पकड़ा तो एक बार फिर से भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। केन अपने करियर में कई बार खिताब के करीब पहुंच कर चूक गये हैं । यह शीर्ष स्तर पर उनके करियर की पहली ट्रॉफी है। बायर्न ने पिछले सप्ताह ही बुंडेसलीगा में रिकॉर्ड 34वां खिताब अपने नाम किया था। केन ने मैच के 31वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलायी। वह 25 गोल के साथ लीग के मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी है।

# भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को 97 रनों से हराकर त्रिकोणीय श्रृंखला जीती

एजेंसी



कोलंबो। स्मृति मंधाना (116) की शतकीय, हरलीन देओल (47), जेमिमाह रॉड्रिग्स (44) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (41) की शानदार पारियों के बाद स्नेह राणा (चार विकेट) और अमनजोत कौर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को फाइनल में मुकाबले में श्रीलंका को 97 रनों से हराकर त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला अपने नाम कर ली।

343 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की बेहद शुरुआत खराब रही और उसने अपना पहला विकेट हसिनी परेरा (शून्य) के रूप में गवां दिया। परेरा को अमनजोत कौर ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान चामरी अटापट्टू ने विष्मी गुणारत्ने के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिये 68 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में अमनजोत कौर ने विष्मी गुणारत्ने (36) को बोल्ड कर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद नीलाक्षी डिसिल्वा और अटापट्टू के बीच तीसरे विकेट लिये 73 रन जोड़े। 24वें ओवर में स्नेह राणा ने चामरी अटापट्टू (51) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। हर्षिता समाराविक्रमा (26) रन और देवमी विहंगा (चार) रन बनाकर आउट हुई। 33वें ओवर में स्नेह राणा ने नीलाक्षी डिसिल्वा (48) को आउटकर श्रीलंका को छठा झटका दिया। इसके बाद श्रीलंका का कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सका। अनुष्का संजीवनी (28) और मल्की मदारा (शून्य) पर आउट हुई। सुगंधिका कुमारी (27) और पिउमी वत्सला (नौ) रनआउट हुई। भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका की पूरी टीम को 48.2 ओवर में 245रन पर समेट कर मुकाबला 97 रनों से जीत लिया। स्मृति मंधाना को उनकी 116 रनों की शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। वही टूर्नामेंट में 15 विकेट लेने वाली स्नेह राणा को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। भारत की ओर स्नेह राणा ने चार विकेट लिये अमनजोत कौर को तीन विकेट मिले। श्री चरणी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। भारत का पहला विकेट 15वें ओवर में प्रतिका रावल (30) के रूप में गिरा। उन्हें इनोका रनावीरा ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी हरलीन देओल ने स्मृति मंधाना के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 120 रनों की साझेदारी हुई। 33वें ओवर में देवमी विहंगा ने स्मृति मंधाना को आउट कर श्रीलंका को दूसरी सफलता दिलाई। स्मृति मंधाना ने 101 गेंदों में 15 चौके और दो छक्के लगाते हुए (116) रनों की शतकीय पारी खेली। इसके बाद 37वें ओवर में देवमी विहंगा ने अपना अर्धशतक बनाने जा रही हरलीन देओल (47) को अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर पवेलियन भेज दिया।

## सोरलोथ के रिकॉर्ड हैट्रिक गोल से एटलेटिको मैड्रिड ने रीयाल सोसिएदाद को रौंदा

बार्सीलोना। एटलेटिको मैड्रिड के स्ट्राइकर अलेक्जेंडर सोरलोथ ने शुरुआती आधे घंटे में चार गोल करने के दौरान ला लीगा के इतिहास में सबसे तेज हैट्रिक का रिकॉर्ड बनाया, जिससे रीयाल सोसिएदाद को 4-0 से करारी शिकस्त मिली। नार्वे के इस स्ट्राइकर ने मैड्रिड के मेट्रोपॉलिटन स्टेडियम में सातवें, 10वें और 11वें मिनट में गोल करके हैट्रिक पूरी की। 'ऑप्टा स्टैटिस्टिक्स' के अनुसार उनका यह हैट्रिक गोल ला लीगा में अब तक का सबसे तेज था। पिछला रिकॉर्ड 1941 में एडमंडो सुआरेज डी ट्रैबांको के नाम था जिन्होंने शुरुआती 15 मिनट में तीन गोल किये थे। इस जीत से एटलेटिको मैड्रिड ने 35 मैचों में 70 अंक के साथ तीसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की। अन्य मैचों में पांचवें स्थान पर काबिज विलारीयाल ने 89वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी एटा एयोंग के गोल की मदद से गिरोना को 1-0 से हराया।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण 1.60 लाख करोड़ रुपये घटा

एजेंसी

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,60,314.48 करोड़ रुपये की गिरावट आई है। शेयर बाजार में गिरावट के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक नुकसान में रही है। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,047.52 अंक या 1.30 प्रतिशत नीचे आया। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं दूसरी ओर इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 59,799.34 करोड़ रुपये घटकर 18,64,436.42 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 30,185.36 करोड़ रुपये घटकर 9,90,015.33 करोड़ रुपये रह गई।एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 27,062.52 करोड़ रुपये घटकर 14,46,294.43 करोड़ रुपये पर और एसबीआई का मूल्यांकन 18,429.34 करोड़ रुपये घटकर 6,95,584.89 करोड़ रुपये पर आ गया। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 13,798.85 करोड़ रुपये घटकर 5,36,927.95 करोड़ रुपये रह गया। आईटीसी का मूल्यांकन 8,321.89 करोड़ रुपये घटकर 5,29,972.97 करोड़ रुपये पर आ गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 2,138.29 करोड़ रुपये घटकर 10,53,891.62 करोड़ रुपये रह गई। टीसीएस के मूल्यांकन में 578.89 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 12,45,418.09 करोड़ रुपये रह गया। इस रुख के उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का बाजार पूंजीकरण 2,537.56 करोड़ रुपये बढ़कर 5,48,382.85 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस ने सप्ताह के दौरान 415.33 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका बाजार मूल्यांकन 6,26,083.70 करोड़ रुपये पर पहुंच शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस और आईटीसी का स्थान रहा।

## वेलस्पन सिंटेक्स का दायरा बढ़ाया, पाइप कारोबार में उतरने की तैयारी में

नयी दिल्ली। वेलस्पन समूह दिवाला कार्यवाही के जरिये अधिग्रहीत कंपनी सिंटेक्स के कारोबार का दायरा पाइप सहित विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ा रहा है। कंपनी के एक अधिकारी ने कहा कि सिंटेक्स के जरिये इस अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में अगले सात वर्षों में पांच प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य है। गोयनका परिवार द्वारा प्रवर्तित समूह अब ब्रांड सिंटेक्स को अपने प्राथमिक प्लास्टिक जल भंडारण टैंक कारोबार से आगे पाइप और जल पुनर्चक्रण जैसे नए क्षेत्रों में ले जा रहा है। कंपनी इलेक्ट्रिकल बॉक्स पर भी काम कर रही है और इलेक्ट्रिकल व्यवसाय के लिए केबल तारों को तैयार करने की योजना भी है। वेलस्पन बीएपीएल के प्रबंध निदेशक और सिंटेक्स के निदेशक यशोवर्धन अग्रवाल ने कहा कि समूह सिंटेक्स की वृद्धि के लिए आक्रामक है, जहां क्षमता विस्तार के लिए निवेश किया जा रहा है।

# 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद: सीआईआई

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष (2025-26) में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ सकता है और देश की अर्थव्यवस्था भू-राजनीतिक मुद्दों के अल्पकालिक प्रभाव से उबरने के लिए पर्याप्त मजबूत है। उन्होंने विशेष बातचीत में कहा कि देश को बढ़ती व्यापार बाधाओं को देखते हुए राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करने चाहिए। ऊर्जा, परिवहन, धातु, रसायन और आतिथ्य जैसे विभिन्न क्षेत्रों में निजी निवेश में वृद्धि के बारे में बात करते हुए पुरी ने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण निवेश में 'कुछ सतर्कता' आ सकती है। भारत के लिए आर्थिक वृद्धि अनुमान पर उन्होंने कहा, ‟हम 6.5 प्रतिशत की दर की उम्मीद कर रहे हैं। हमारा मानना ??है कि यह संख्या मौलिक रूप से हासिल की जा सकती है, क्योंकि तथ्य यह है कि हम एक उचित रूप से अच्छी नींव, मजबूत आर्थिक आधार के साथ शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ‟हाल के दिनों में ब्याज दर में कमी आई है। मुद्रास्फीति नरम होती जा रही है। एक अप्रैल से व्यक्तिगत आयकर में छूट मिल रही है। पिछले वर्ष की दूसरी छमाही में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में निवेश बढ़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं पर प्रस्तावित उच्च शुल्क और वैश्विक स्तर पर बढ़ते संरक्षणवाद की प्रवृत्ति पर, पुरी ने स्वीकार किया कि इस समय व्यापार में अधिक से अधिक बाधाएं आ रही हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि भारत को द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) करने चाहिए जो पारस्परिक रूप से लाभकारी और राष्ट्रीय हित में हों।


# भारत ने पाक में आतंकियों को दंडित कर सही किया, उद्योग जगत सरकार के साथ: सीआईआई अध्यक्ष

नयी दिल्ली। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा है कि भारत ने निर्दोष नागरिकों की हत्या करने वाले पाकिस्तान के आतंकवादियों को दंडित करने के लिए सही काम किया है और उद्योग सरकार के साथ मजबूती से खड़ा है, जो यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि देश की आर्थिक प्रगति बनी रहे। पुरी ने विशेष बातचीत में कहा कि पिछले महीने पहलगाम में 26 लोगों की हत्या के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष, भारत की रक्षा विनिर्माण क्षमताओं और क्षमताओं को बढ़ाने सहित 'राष्ट्र निर्माण के लिए खुद को फिर से समर्पित करने और जोश में भरने' का क्षण है। उन्होंने कहा, ‟सरकार जो कर रही है, वह बिल्कुल सही है। यह विचार वास्तव में सरकार द्वारा हमेशा कहे गए उस कथन से मेल खाता है कि 'आतंकवाद के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाना चाहिए' और कोई भी बात निर्दोष नागरिकों की हत्या को उचित नहीं ठहरा सकती। इसलिए जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाना चाहिए।‟ पुरी आईटीसी के प्रबंध निदेशक हैं। पुरी इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि उद्योग जगत चाहता है कि सरकार इस बार पाकिस्तान से निपटने के लिए क्या कदम उठाए, जो लगातार सीमापार आतंकवाद को समर्थन देता रहा है।

# इस सप्ताह भारत-पाक संबंधों, मुद्रास्फीति, तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की चाल: विश्लेषक

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने के समझौते के बाद इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की नजर भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर रहेगी। विश्लेषकों ने यह जानकारी दी। कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा व्यापक आर्थिक आंकड़ों, चौथी तिमाही के नतीजों, विदेशी निवेशकों के रुख और वैश्विक रुझानों से भी निवेशकों की भावनाएं प्रभावित होंगी। भारत और पाकिस्तान ने चार दिन तक सीमापार ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद तत्काल प्रभाव से सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए शनिवार को एक समझौता किया।




मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''तनाव कम होने से निवेशकों पर दबाव कम हुआ है और इसे वित्तीय बाजारों द्वारा एक सकारात्मक घटनाक्रम के रूप में देखा जा सकता है। ऐतिहासिक रूप से, बाजारों ने इस तरह के भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बाद मजबूती और उबरने की प्रवृत्ति दिखाई है। उन्होंने कहा कि सभी की निगाहें एफआईआई पर होंगी, जिन्होंने पिछले दो सप्ताह से लगातार शुद्ध खरीदार बने रहने के बाद शुक्रवार के बिकवाली की। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ शोध उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, ''यह सप्ताह महत्वपूर्ण होगा, जिसमें कई प्रमुख घरेलू कारक होंगे। पाकिस्तान के साथ जारी तनाव सहित भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर नजर रहेगी। व्यापक आर्थिक मोर्चे पर निवेशक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई), थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) और विदेश व्यापार सहित प्रमुख आंकड़ों पर नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजे भी आने हैं, जिनमें टाटा स्टील, भारती एयरटेल, गेल, हीरो मोटोकॉर्प, टाटा मोटर्स, ल्यूपिन और बीएचईएल जैसी कंपनियां शामिल हैं। विदेशी निवेशकों का देश के शेयर बाजार में भरोसा बना हुआ है और उन्होंने इस महीने अब तक 14,167 करोड़ रुपये का निवेश किया है। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अप्रैल में विदेशी संस्थागत निवेश और रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह से निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। इससे आर्थिक लचीलेपन का संकेत मिलता है। पिछले सप्ताह, बीएसई सेंसेक्स 1,047.52 अंक या 1.30 प्रतिशत गिरा।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की साई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# देश प्रेम एवं कर्तव्य भावना से बढ़कर कुछ भी नहीं: मुकेश रस्तोगी

- शहीद हमारे प्रेरणाश्रोत: शत्रोहन सोनकर
- विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भारत-पाकिस्तान युद्ध के अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



रायबरेली। भारत-पाकिस्तान युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धाँजलि उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश संगठन मन्त्री मुकेश रस्तोगी के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने स्थानीय शहीद चौक पर एकत्रित होकर अर्पित की। इस अवसर पर व्यापारी नेता श्री रस्तोगी ने कहा कि आज हम यहाँ उन वीर जवानों को श्रद्धाँजलि अर्पित करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिनकी वजह से हमारा राष्ट्र सुरक्षित है, जिन्होनें अपने प्राणों की आहूति देकर हमें यह सिखाया कि देश प्रेम और कर्तव्य की भावना से बढ़कर कुछ भी नहीं है। नगर पालिका परिषद के चेयरमैन शत्रोहन सोनकर ने कहा कि शहीदों की कुर्बानियों को कभी भुलाया नहीं जा सकता, वे हमारी प्रेरणा के श्रोत है। जो अपनी मातृभूमि के लिए अपनी जान न्यौछावर कर देते हैं, उनका बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाता है। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने कहा कि शहीदों का हौसला और बलिदान हमारे दिलों में हमेशा जीवित रहेगा। वरिष्ठ समाजसेवी कमलेश चौधरी ने कहा कि शहीदों का रक्त हमेशा हमें अपने कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा देता है। केमिस्ट व्यवसायी भोला चौधरी ने कहा कि देश की खातिर अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देने वाले वीर शहीद जवान ही वास्तव में सच्चे नायक होते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से रामकिशुन चौधरी, सुरेश यादव एडवोकेट, जोखूराम सोनी, सत्यांशु दुबे, अनुज त्रिवेदी, विकास जैन, भौमेश सोनी, शत्रोहन पटेल, गोविन्द सोनी, रामचन्दर यादव एडवोकेट, पवन अग्रहरि, सन्दीप जैन, राजेन्द्र यादव पूर्व एडीजीसी, हर्षित चन्द्र जैन, सुशील मौर्या, रामशरन मटिहा, मो0 शाकिब कुरैशी, रोहित चौधरी, मो0 फुरकान, प्रदीप पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

## संघर्ष विराम शांति की दिशा में निर्णायक कदम, लेकिन सतर्कता अनिवार्य!

प्रयागराज, 11 मई (हि.स)। भारत और पाकिस्तान के बीच ताजा संघर्ष विराम एक स्वागत योग्य कदम है, परन्तु यह समझना आवश्यक है कि यह स्थायी नहीं, बल्कि एक अस्थायी विराम है। यह बातें रक्षा एवं रणनीतिक अध्ययन विभाग, ईश्वर शरण महाविद्यालय प्रयागराज के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. उदय प्रताप सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि भारत ने जिस सामरिक चतुराई और निर्णायक शक्ति का प्रदर्शन करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया, वह न केवल देश की सैन्य क्षमता का परिचायक है, बल्कि पाकिस्तान को भेजा गया एक स्पष्ट संदेश भी है कि अब आतंकवाद को और सहन नहीं किया जाएगा। पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम के कुछ ही घंटों में किए गए उल्लंघनों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत को अपनी चौकसी में कोई ढील नहीं देनी चाहिए। जम्मू, राजौरी, श्रीनगर और गुजरात के सीमावर्ती क्षेत्रों में पाकिस्तानी ड्रोन की उपस्थिति और गोलाबारी की घटनाएं बताती हैं कि पाकिस्तान पर भरोसा करना अभी भी एक रणनीतिक भूल हो सकती है। आतंकवाद पर बदली हुई नीतिभारत ने इस बार केवल जवाबी कार्रवाई नहीं की, बल्कि युद्ध के नियम ही बदल दिए। आतंकवाद के विरुद्ध भारत की नीति अब साफ है ''हर आतंकी हमला, युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा।'' यह बदलाव नीतिगत स्तर पर बेहद महत्वपूर्ण है और यह डोवाल सिद्धांत की सीधी अभिव्यक्ति है, जिसमें प्रतिरोध नहीं, बल्कि प्रतिशोध ही प्राथमिक रक्षा रणनीति बन चुका है। भारतीय वायुसेना ने जिस तरह पाकिस्तान की एयर डिफेंस प्रणाली को भेदकर उसके महत्वपूर्ण आतंकी गढ़ों–बहावलपुर (जैश-ए-मोहम्मद), मुरीदके (लश्कर-ए-तैयबा) और सियालकोट–पर सर्जिकल स्ट्राइक की। वह भारत की तकनीकी और सामरिक श्रेष्ठता का प्रमाण है।

# सुनील बंसल युवा टाउनहॉल कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे वाराणसी, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर आधारित युवा टाउनहॉल कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल रविवार को वाराणसी पहुंचे। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुनील बंसल का स्वागत पार्टी के काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल के अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने किया। इसके बाद एयरपोर्ट से राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल शहर के लिए रवाना हो गए। शहर में वे सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित युवा टाउनहॉल कार्यक्रम में भाग लेंगे। पार्टी के स्थानीय महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि के अनुसार 'एक राष्ट्र, एक चुनाव को लेकर पूरे देश में आम लोगों के बीच जनजागरण की दृष्टि से अभियान के तहत यह कार्यक्रम होगा। इसमें बड़ी संख्या में युवा छात्र, युवा उद्यमी, युवा खिलाडी, युवा अधिवक्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में पद्मविभूषण प्रो. देवी प्रसाद द्विवेदी शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा करेंगे। एयरपोर्ट पर स्वागत करने वालों में जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि,प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु', विधायक अश्वनी त्यागी, जगदीश पटेल, महापौर अशोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, विधायक डॉ अवधेश सिंह, विधायक त्रिभुवन राम, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, एमएलसी धर्मेंद्र सिंह, सुरेश सिंह, पार्टी के प्रोटोकॉल प्रभारी शैलेश पांडेय आदि रहे।

# पुलिस का 5 घंटे चला धरपकड़ अभियान, 75 अभियुक्त गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



फिरोजाबाद। जनपद पुलिस ने शनिवार की रात्रि में पांच घंटे अभियान चलाकर 75 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त विभिन्न मुकदमों में वांछित अभियुक्त है जो फरार चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा वारंटियों एनबीडब्लू व एसआर केसो में वांछित अभियुक्तों के विरूद्ध शनिवार की रात्रि को 12.00 बजे से सुबह 05.00 बजे तक अभियान चलाया। इस अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा कुल 75 एनबीडब्लू वारंटी वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। जिनमे थाना उत्तर ने 6, थाना दक्षिण ने 4, थाना रसूलपुर ने 2, थाना रामगढ़ ने 3, थाना टूंडला ने 5, थाना पचोखरा ने 1, थाना नारखी ने 3, थाना नगला सिंघी ने 3, थाना रजावली ने 3, थाना सिरसागंज ने 8, थाना अराव ने 1, थाना नसीरपुर ने 2, थाना शिकोहाबाद ने 13, थाना खैरगढ़ ने 3, थाना मक्खनपुर ने 4, थाना जसराना ने 4, थाना फरिहा ने 1, थाना एका ने 1, थाना मटसेना ने 4 व थाना लाइनपार ने 4 अभियुक्त को पकड़ा है। इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम द्वारा मात्र 5 घण्टे में एनबीडब्लू वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 75 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के अनुसार वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# झांसी : 4 माह में चेन पुलिंग के 510 मामले दर्ज

झांसी। ट्रेनों में बिना किसी वैध कारण के अलार्म चेन खींचने वालों के खिलाफ झांसी रेल मंडल ने कड़ा रुख अपनाया है। रेलवे ऐसे लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है ताकि रेल सेवाओं का समय पर संचालन सुनिश्चित किया जा सके और यात्रियों को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके। 4 महीने में मंडल में चेन पुलिंग के 510 मामले दर्ज किए गए हैं। मंडल द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2025 से अप्रैल 2025 के बीच झांसी मंडल में अलार्म चेन पुलिंग के कुल 510 मामले दर्ज किए गए। इन मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए रेलवे सुरक्षा बल (टप्क्) ने 510 लोगों को गिरफ्तार किया और उनसे कुल 1 लाख 13 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्टेशनवार आंकड़ों पर गौर करें तो वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन पर सबसे अधिक 91 मामले दर्ज किए गए। इन सभी मामलों में आरोपितों की गिरफ्तारी हुई और उनसे 11,475 रुपये का जुर्माना वसूला गया। अन्य स्टेशनों ग्वालियर में 208, मुरैना 56, बांदा में 28 व उरई में 11 मामले चेन पुलिंग के मामले सामने आए हैं और उन पर भी कार्रवाई की गई है। मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) दीपक कुमार सिन्हा ने इस संबंध में सख्त संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि अनावश्यक चेन पुलिंग एक गैरकानूनी गतिविधि है जो ट्रेनों के सुचारू संचालन में बाधा डालती है। यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा करती है। उन्होंने बताया कि मंडल द्वारा इसे रोकने के लिए लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। डीआरएम ने यात्रियों से अपील की है कि वे बिना किसी जरूरी कारण के चेन पुलिंग न करें और अपनी यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखें।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव
**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह
**समूह संपादक**
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'
**स्थानीय संपादक**
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)
**डा. ओम प्रकाश**
(आई.ए.एस. से.नि.)
स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर
**समन्वय संपादक**
आशुतोष रंजन
**समन्वय संपादक/महाप्रबंधक**
अनिल तिवारी
**साहित्यक संपादक**
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)
**आध्यात्मिक संपादक**
श्री राम महेश मिश्र
**सह संपादक**
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस(से नि.)
**सह संपादक**
मेजर. के. किशोर
**सह संपादक**
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)
**उप सम्पादक**
प्रभात वर्मा
**स्टेट क्वार्डिनेटर**
विपिन सोनी



**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल : noidarp@gmail.com
प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशांतगंज लखनऊ,(उप्र)


# वाराणसी में व्यापारियों ने भारतीय सेना के समर्थन में निकाला विजय जुलूस

- विजयी भव: के जयघोष के साथ सिगरा चौराहे पर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री और सेना प्रमुख के पुतले को लगाई फांसी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम लागू होने के बावजूद पाकिस्तान की ओर से लगातार जारी उकसावेपूर्ण गतिविधियों को लेकर वाराणसी के व्यापारियों में भारी आक्रोश देखने को मिला। रविवार को व्यापारियों ने भारतीय सेना के समर्थन में ‘विजयी भवः’ का शंखनाद करते हुए विजय जुलूस निकाला। इस अवसर पर व्यापारियों ने सिगरा चौराहे पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और सेना प्रमुख मुनीर के प्रतीकात्मक पुतले को घसीटते हुए फांसी दी और जोरदार नारेबाजी की। कार्यक्रम का नेतृत्व वाराणसी व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा ने किया। व्यापारी नेता बग्गा ने कहा कि हमारे वीर सैनिक सीमाओं पर दिन-रात मुस्तैदी से तैनात हैं और अपने अदम्य साहस व पराक्रम से देश की रक्षा कर रहे हैं। हम उनके प्रति कृतज्ञ हैं और उन्हें नमन करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं काशी के सांसद नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि यदि पाकिस्तान की ओर से इस प्रकार की हरकतें भविष्य में भी जारी रहती हैं, तो उसे कठोरतम उत्तर दिया जाना चाहिए। व्यापारियों ने भारत माता की जय के उद्घोष के साथ भारतीय सेना को बीती रात की जवाबी कार्रवाई के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि सेना ने पाकिस्तानी हमलों को पूरी तरह विफल करते हुए नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक और साहसिक कार्रवाई कर देश का गौरव बढ़ाया है। हम सेना के इस अद्वितीय पराक्रम पर गर्व करते हैं। इस जुलूस में कविंद्र जायसवाल, प्रभाकर, संजय गुप्ता, मनीष गुप्ता, राजीव वर्मा, रमेश पाण्डेय, दीप्तिमान देव गुप्ता, बबलू गुप्ता समेत कई प्रमुख व्यापारी शामिल रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने की आत्महत्या,फोरेंसिक टीम कर रही जांच

- डेढ़ साल के बच्चे की ममता छोड़ गई कुसुम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव में एक हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। बीती रात 28 वर्षीय विवाहिता कुसुम कुमारी ने अपने कच्चे मकान के रसोईघर के बडेर (छज्जा) में साड़ी के सहारे फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही ड्रमंडगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुसुम कुमारी की शादी वर्ष 2022 में बंजारी निवासी लवकुश कुमार से हुई थी। महिला की अचानक आत्महत्या की खबर से दोनों पक्षों में हड़कंप मच गया। मायके पक्ष को सूचना मिलने पर वह भी घटनास्थल पर पहुंच गया। कुसुम अपने पीछे डेढ़ साल के मासूम बच्चे को छोड़ गई है, जो अब अपनी मां को ढूंढ रहा है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम मामले की जांच में जुट गई है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। थाना प्रभारी अरविंद सरोज ने बताया कि, महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंसी लगाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मायका पक्ष की ओर से तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## यूपी के मुरादाबाद में दो हिस्सों में बटी मालगाड़ी



- दिल्ली-लखनऊ रेल मार्ग पर लगभग आधा घंटा रेल यातायात पूरी तरह से बाधित रहा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद जिले के थाना कटघर क्षेत्र में रविवार सुबह रामगंगा नदी पुल पर दिल्ली-लखनऊ रेल मार्ग पर चल रही मालगाड़ी दो हिस्सों में बट गई। सूचना पाकर रेलवे इंजीनियर विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद मरम्मत कर ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया। इस दौरान दिल्ली-लखनऊ रेल मार्ग पर लगभग आधा घंटा रेल यातायात पूरी तरह से बाधित रहा। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि रविवार सुबह 06 बजे दिल्ली लखनऊ रेलवे लाइन पर दौड़ रही मालगाड़ी अचानक से कटघर थाना क्षेत्र रामगंगा नदी पुल पर पहुंचने पर दो हिस्सों में बट गई। यह हादसा कपलिंग टूटने की वजह से हुआ था। घटना की जानकारी पर रेलवे के अधिकारी, स्टेशन मास्टर और इंजीनियरों की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद मरम्मत कर ट्रेन को यहां से रवाना किया गया। श्री गुप्ता ने बताया कि इस दौरान आधे घंटे से दिल्ली लखनऊ रेलवे लाइन पूरी तरह से बाधित रही। मालगाड़ी रवाना होने के बाद रेल संचालन बहाल हो सका।

# दिल्ली एनसीआर का शातिर लुटेरा पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस का अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन क्रैकडाउन लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना इन्दिरापुरम पुलिस ने शनिवार की रात में चोरी की मोटरसाइकिल से चेन और मोबाइल फोन आदि लूटने वाले साथी लुटेरे को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है यह साथी लुटेरा पुलिस मुठभेड़ में ढेर हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 01 अवैध पिस्टल, 02 खोखा कारतूस व 02 जिन्दा कारतूस, स्नैचिंग की घटनाओं से सम्बन्धित 48,750- रुपये पये नगद, घटनाओं में प्रयुक्त चोरी की 01 मोटर साइकिल व लूट के 02 एटीएम कार्ड बरामद किया है। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने रविवार को बताया कि ट्रांस हिंडन जोन में लूटपाट व चैन स्नैचिंग की घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से थाना इन्दिरापुरम पुलिस प्रतिदिन की तरह सघन चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान रात्रि को हिंडन पुल की तरफ से आते हुए एक मोटरसाइकिल सवार युवक संदिग्ध अवस्था मे आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया परन्तु युवक नही रुका तथा मोटर साइकिल को तेजी से पीछे मोड़ते हुए भागने का प्रयास कर रहा था,तभी मोटर साइकिल फिसलकर गिर गयी, जिसे पकडने का प्रयास किया गया तो युवक ने पुलिस पर फायर कर दिया । जिसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही की, जिससे नसीमुद्दीन उर्फ बड्डा निवासी ग्राम मीठेपुर थाना गुलावटी जनपद बुलंदशहर घायल हो गया। नसीमुद्दीन उर्फ बड्डा उपरोक्त के विरुद्ध दिल्ली एनसीआर/गाजियाबाद में की गई लूट/स्नैचिंग से सम्बन्धित घटनाओं को कारित करना इकबाल किया गया। नसीमुद्दीन उर्फ बड्डा ने पूछताछ के दौरान बताया कि मैं चोरी की मोटरसाइकिल से गाजियाबाद, नोएडा, दिल्ली में राह चलते महिलाओं/व्यक्तियों से उनके चैन/मोबाईल फोन लूटने की घटना करता हूँ तथा लूट/झपटमारी से प्राप्त सामान को सस्ते दामों में बेचकर पैसे अपने शौक में खर्च कर लेता हूँ। आज जो धनराशि मुझसे प्राप्त हुई है वह मैंने अभी जल्दी में दिल्ली/गाजियाबाद से जो लूट की घटना कारित करके जो सम्पत्ति मिली थी उसे बेचकर बची हुई धनराशि है। उसके विरुद्ध जनपद मेरठ में आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, लूट के 04 अभियोग, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में आर्म्स एक्ट का 01 अभियोग, जनपद हापुड़ में आर्म्स एक्ट, लूट व हत्या के प्रयास के 03 अभियोग, कमिश्नरेट गाजियाबाद के थाना इन्दिरापुरम में लूट/स्नैचिंग के 02 अभियोग, थाना सिहानी गेट में लूट व स्नैचिंग के 02 अभियोग, थाना मधुबन बापूधाम में लूट का 01 अभियोग, थाना कविनगर में लूट का 01 अभियोग, थाना मसूरी में लूट व आर्म्स एक्ट के 02 अभियोग, थाना मुरादनगर में स्नैचिंग का 01 अभियोग, थाना मोदीनगर में स्नैचिंग का 01 अभियोग व दिल्ली राज्य में लूट के 02 अभियोग पंजीकृत है।